CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, मंगलवार 17 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 344 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा हैः अखिलेश यादव पेज 2



भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : शाह खेल टाइम्स



गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था सम्पादकीय



ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प पेज 12



श्रीनगर: इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को आगंतुकों के लिए खोले जाने के बाद लोग इसे देखने आए।

# ऑस्ट्रेलिया-जापान ने भी नौसेना भेजने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के कारण तेल सप्लाई का यह मुख्य समुद्री रास्ता (होर्मुज स्ट्रेट) बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब सात देशों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है।

ट्रम्प चाहते हैं कि ये देश अपनी नौसेना भेजकर इस रास्ते की सुरक्षा करें। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ने इस मांग पर बहुत ही सावधानी भरा रुख अपनाया है और कुछ ने तो इससे साफ इन्कार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र में नौसैनिक सहायता देने से मना कर दिया है। कैबिनेट मंत्री कैथरीन किंग ने बताया कि यह समुद्री रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं आया है। मामले पर जापान का रुख भी कुछ ऐसा ही है।



**फीकी पड़ी ट्रम्प की अपील, होर्मुज में नहीं मिला किसी का साथ**

## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई, जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया।

## 27वां रोज़ा

### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही।
सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है।
सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है।
हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।

# जंग के बीच भारत को बड़ी राहत

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था।

मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी गैस लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



**जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आ रहे**

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर, भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरियाणा पुलिस ने पिछले साल प्रोफेसर महमूदाबाद को किया था गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफेसर महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। यह मामला प्रोफेसर महमूदबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ के संदर्भ में की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे।

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव व डीजीपी को हटाया

**कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत छह अधिकारी बदले**
**आयोग बोला: ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है।

वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

## मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

**मुरादाबाद (ब्यूरो)।** सोमवार सुबह दिल्ली- लखनऊ राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। थाना पुलिस कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान यशदीप पुत्र चंद्रवाला पांडे, निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा: क्या दूसरे धर्म के लोगों को भी घर में सामूहिक पूजा से रोका जा सकता है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमज़ान के दौरान नमाज़ पर कथित प्रतिबंध को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कड़ा सवाल करते हुए पूछा कि यदि मुसलमानों को निजी संपत्ति पर नमाज़ पढ़ने से रोका जा सकता है, तो क्या हिंदुओं को भी अपने घरों में सामूहिक पूजा करने से रोका जा सकता है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ संभल जिले में रमज़ान के दौरान नमाज़ पढ़ने पर लगाए गए कथित प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस श्रीधरन ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपने घर की छत पर नमाज़ पढ़ने से कैसे रोका जा सकता है? कानून का राज सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार की मांग करता है और संविधान सर्वोपरि है। अदालत ने राज्य सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल से पूछा कि क्या मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यदि हिंदू अपने घरों में पूजा कर रहे हों तो क्या उन्हें भी रोका जा सकता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य केवल तभी हस्तक्षेप कर सकता है, जब धार्मिक गतिविधियां सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर फैलने लगें।

## राज्यसभा चुनाव: बिहार की सभी पांच सीटों पर NDA की जीत



**महागठबंधन की ओर से चार विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे**

**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नीतीश कुमार-जदयू, रामनाथ ठाकुर-जदयू, नितिन नबीन-भाजपा, शिवेश कुमार-भाजपा,उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया।



मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
• ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
• LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

# भारत में एक साल के दौरान 24 अरबपति बढ़े, अब 229 हुए

## लक्ष्मी मित्तल रोज 274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 205 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी (नंबर 1) और गौतम अडानी (नंबर 2) की संपत्ति में भी संयुक्त रूप से 14.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक इस साल टॉप-10 में शामिल हुए हैं। हाल ही में उन्हें पद्म भूषण मिला था। उनकी एंट्री से डीएलएफ के पीछे रहे प्रॉपर्टी डेवलपर कुशल पाल सिंह 12वें नंबर पर खिसक गए। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी नए अरबपतियों में शामिल हैं। नवंबर में कंपनी के आईपीओ के बाद वे इस क्लब में आए। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा तीन साल बाद फिर लिस्ट में लौटे हैं। पेटीएम के शेयर पिछले साल करीब 60 प्रतिशत चढ़े, हालांकि यह अभी भी आईपीओ की करीब आधी प्राइस पर ट्रेड कर रहे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी।



**फोर्ब्स लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल**

## संक्षिप्त समाचार

### संत कबीरनगर में सड़क दुर्घटना, दो पत्रकारों की मौत

**संत कबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत नेशनल हाईवे 28 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो पत्रकारों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने यहां बताया कि गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई। जहां लखनऊ से गोरखपुर जा रही वैगनआर कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वैगनआर में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर का चालक अपनी सीट पर फंस गया था। पेट्रोल पंप कर्मियों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल जिला चिकित्सालय संतकबीर नगर भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने वैगनार सवार पत्रकार धनंजय पाण्डेय (35), निवासी सरगरिया उर्फ रामनगर, जनपद कुशीनगर और शंभू मिश्रा (45) निवासी लखुआ खुर्द, जनपद कुशीनगर को मृत घोषित कर दिया।

### फरवरी में माल निर्यात बढ़कर 36.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी की तुलना में फरवरी में माल निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गई और यह 36.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह आंकड़ा 36.56 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आयात. निर्यात के आंकड़े जारी किए। इसमें बताया गया है कि माल आयात जनवरी के 71.24 अरब डॉलर से घटकर फरवरी में 63.71 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार व्यापार घाटा एक महीने पहले के 34.68 अरब डॉलर से कम होकर 27.1 अरब डॉलर पर आ गया।

### मौसम ने मारी पलटी, यूपी के 43 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

# 17 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुजफ्फरनगर में ओले गिरे, बिजनौर में आंधी से पेड़ उखड़े, सहारनपुर में पूर्व प्रधान समेत दो की मौत

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।** यूपी में मौसम अचानक बदल गया है। मुजफ्फरनगर में देर रात झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में तेज आंधी की वजह से पेड़ उखड़ गए। सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे और होर्डिंग्स गिर गए।

सहारनपुर में आंधी की वजह से टीन शेड गिरने से पूर्व प्रधान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सोमवार को वाराणसी समेत 43 जिलों में हल्की बारिश और 17 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई जगह आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव आया है। ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई है। इससे पहले कल यानी रविवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। लखनऊ में बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। हरदोई और सीतापुर में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत 3 लोग झुलस गए। बारिश, ओले और तेज हवा का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं। हालांकि लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटे में बांदा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 14 मार्च को बांदा का पारा 40 डिग्री पार कर गया था। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने मौसम में हुए बदलाव की वजह बताई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में सोमवार को भी बारिश के आसार हैं। 40-50 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। ओले भी गिर सकते हैं। 2 दिन बाद 19 मार्च से प्रदेश में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, इससे बारिश-आंधी का दौर शुरू होगा। मुजफ्फरनगर शहर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ देर रात तेज बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आंधी में सड़क किनारे लगे पेड़ और होर्डिंग उखड़ गए। कई इलाकों में बिजली कट गई। सहारनपुर में रविवार देर रात तेज आंधी और बारिश हुई।

### सरसावा क्षेत्र में टीन शेड गिरा

सरसावा थाना क्षेत्र के नकुड़ रोड पर टीन शेड गिर गया। इस हादसे में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भटपुरा के पूर्व प्रधान जयपाल सैनी (55) और नवादा निवासी रामकेश सैनी (56) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों उत्तराखंड में एक पंचायत कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे बचने के लिए दोनों नकुड़ रोड पर एक टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज हवा के कारण टीन शेड अचानक टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गया। भारी शेड के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बेमौसम बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

# बच्चों के लिए स्मार्टफोन का प्रयोग खतरनाक

**जालोर/लखनऊ, वार्ता**



■ सीएम योगी ने मातृशक्ति से सावधान रहने की अपील की

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है।

स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं, तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिता का विषय है।

# लोकार्पण के तीसरे दिन ही धंसी कॉरिडोर की सड़क

**लखनऊ, वार्ता**



■ वाह रे डबल इंजन का विकास: अजय राय

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में लोकार्पित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की सड़क तीसरे दिन ही धंस जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना श्री खाटू श्यामजी मंदिर के पास हुई, जहां सड़क का एक हिस्सा धंसकर करीब पांच फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी इसको लेकर सवाल उठाया है।

उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वाह रे डबल इंजन का विकास! अभी 2 दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जिस 'ग्रीन कॉरिडोर' का भारी तामझाम के साथ उद्घाटन किया था, वो पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क धंसकर 5 फीट गहरा गड्ढा हो गई। जनता की गाढ़ी कमाई 'सीवर' में जा रही है या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है? मुख्यमंत्री जी, क्या यही आपका गड्ढा-मुक्त प्रदेश है। बताया जा रहा है कि सीवेज लाइन फटने के कारण सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर निर्माण कार्य और निंगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच की मांग की है।

# भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा वहां के डीजीपी, पुलिस कमिश्नर सहित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को हटा दिया गया है। इस मसले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है। सोमवार को पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी। उन्होंने पूछा कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया? सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और गैस सिलेंडर के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा।

### भाजपा को लोगों की परेशानी नहीं दिख रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़े लोगों की परेशानी साफ दिखाई दे रही है, इसके बावजूद भाजपा यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि परेशान परिवारों व बिलखते बच्चों की हालत देखकर भी अगर सरकार संवेदनशील नहीं हो रही है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की तकलीफों को नजरअंदाज कर भाजपा झूठ बोल रही है और जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है।

### प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर वाले कई उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस के कारण कटने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार यह फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि बड़ी संख्या में उपभोक्ता अभी भी प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को समझने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें बिजली उपयोग करने के लिए पहले से रिचार्ज कराना अनिवार्य होता है। नई व्यवस्था के तहत यदि किसी उपभोक्ता का प्रीपेड बैलेंस शून्य या नेगेटिव होने के कारण बिजली कनेक्शन कट जाता है और वह इतना रिचार्ज कर देता है कि उसका नेगेटिव बैलेंस कम से कम 50 प्रतिशत तक कम हो जाए, तो उसकी बिजली आपूर्ति तीन दिन के लिए दोबारा चालू कर दी जाएगी। यदि इस अवधि में उपभोक्ता का बैलेंस पॉजिटिव नहीं होता है, तो कनेक्शन स्वतः फिर से कट जाएगा। यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा प्रत्येक उपभोक्ता को केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वे अपने प्रीपेड खाते में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखें। 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' (आरडीएसएस) के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें करीब 70.5 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। कॉर्पोरेशन के अनुसार स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली से बिजली सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 75502.85
निफ्टी 23408.80



सोना 156500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254325
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स 939 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज और बड़ी कंपनियों में लिवाली से सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त में 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर 23,408.80 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन दिन लुढ़कने के बाद दोनों प्रमुख सूचक. ांक हरे निशान में लौटे हैं।

आज सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ ही देर में ये बढ़त में चले गए। दोपहर बाद ग्राफ तेजी से ऊपर गया। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली तथा छोटी कंपनियों पर दबाव जारी रहा और वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियों में जहां लिवाली हुई, वहीं तेल एवं गैस, स्वास्थ्य, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। ट्रेंट में तीन प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडिगो, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत चढ़े। एशियन पेंट्स, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर भी हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। सनफार्मा एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एनटीपीसी के शेयर भी टूट गए।

### सोने की चमक फीकी चांदी के दाम भी लुढ़के

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने की चमक थोड़ी फीकी पड़ी है और चांदी के दाम भी लुढ़क गए हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट में भी आज सोने-चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एससीएक्स) पर आज ट्रेडिंग के दौरान सोने और चांदी दोनों में लाल निशान देखा गया। सोना 1,966 की गिरावट के साथ 1,56,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी में बड़ी गिरावट आई है और यह 5,110 टूटकर 2,54,325 पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,58,520 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। अगर आप गहने बनवाने के लिए 22 कैरेट सोना खरीदना चाहते हैं, तो इसका औसत भाव 1,45,900 प्रति 10 ग्राम के आसपास है। मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,800 प्रति 10 ग्राम पर है, जबकि कोलकाता में यह 1,58,580 पर बिक रहा है। सोने की खरीदारी करने वालों के लिए आज का दिन मिला-जुला है। देश के प्रमुख शहरों में सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत की बात करें, तो चेन्नई में सोना सबसे महंगा 1,59,260 के स्तर पर बिक रहा है, वहीं हैदराबाद में इसकी कीमत 1,59,050 और बेंगलुरु में 1,58,920 प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 69 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,811 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 22 रुपये उतर गया। दाल-दलहनों में तेजी रही।

चना दाल औसतन 113 रुपये और तुअर दाल 107 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 96 रुपये और मूंग दाल में 55 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 82 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,654 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 प्रतिशत टूटकर 66.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 185 रुपये और मूंगफली तेल 83 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में 67 रुपये और सोया तेल में 31 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 87 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी 16 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7720.80 रुपये, मसूर काली 8073.80 रुपये, मूंग दाल 10141.97 रुपये, उड़द दाल 10731.21 रुपये, तुअर दाल 11197.75 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2811.44 रुपये और चावल 3849.69 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286.21 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.02 रुपये और गुड़ 4994.01 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज गति दी है। इस पहल के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया है।

इसके तहत राजस्व गांवों में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, जिससे फसल संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो-रेफरेंसिग कार्य पूरा हो चुका है। इसी आधार पर खरीफ और रबी सीजन में बड़े पैमाने पर खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी सीजन में 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लगभग 2,88,70,495 लाभार्थी हैं। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1,67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का करीब 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 28,37,162 ऐसे किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किया गया है, जो पीएम किसान योजना के लाभार्थी नहीं हैं।

राज्य सरकार का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा। इससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सरकार के अनुसार कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहलों के जरिए किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एलपीजी संकट पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ तैयारी में नाकाम, खड़गे ने उठाए सवाल, ऐसे हालात में भी विपक्ष कर रहा राजनीति: नड्डा

बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में जमकर हंगामा देखने को मिल रहा है। देश में हो रही एलपीजी की किल्लत को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की कमी से हा-हाकार मचा हुआ है। इस किल्लत का असर आम लोगों पर हो रहा है। वहीं सरकार की तरफ से इन सभी दावों को खारिज किया गया है।

खड़गे ने कहा कि अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात आज इतने नहीं बिगड़ते। इस पर बीजेपी सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका और याद दिलाया कि ये प्रश्नकाल का समय है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं इस सदन का ध्यान वेस्ट एशिया में जारी तनाव के कारण देश में एलपीजी संकट की ओर दिलाना चाहता हूं। इस संकट से पूरे देश में इससे हा-हाकार मचा हुआ है।

इसका असर गरीब और कमजोर तबकों, मिडिल क्लास, आम घरों, रेस्टोरेंट, होटल पर ज्यादा पड़ रहा है। खड़गे ने कहा कि जब सरकार को पहले से स्थिति का अंदाजा था, तो समय पर जरूरी इंतजाम क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का करीब करीब 60: प्रतिशत आयात करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत आयात स्टेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होता है। इस लिहाज से मौजूदा हालात गंभीर चिंता का विषय हैं। देश के करीब हर हिस्सों में इसका असर पड़ रहा है, घरों में लोग परेशान हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अफवाहों से बचने की बात कही है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित करती है।

# प्याज व आलू की पैदावार में बड़ी वृद्धि, टमाटर भी सुधरा

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के ताजा अनुमानों के अनुसार देश में प्याज और आलू की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे घरेलू उपलब्धता मजबूत होने की उम्मीद है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्याज के रकबे में बड़ी वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2023-24 के 15.41 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में 19.68 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह 4.27 लाख हेक्टेयर यानी 27.74 प्रतिशत की भारी वृद्धि को दर्शाता है।

पैदावार के मोर्चे पर देखें, तो प्याज की पैदावार वर्ष 2024-25 में 307.67 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 242.67 लाख टन के मुकाबले 65 लाख टन यानी 26.79 प्रतिशत अधिक है। आलू की पैदावार में भी सकारात्मक रुख बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में आलू की पैदावार 585.71 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 570.53 लाख टन से 15.18 लाख टन (2.66 प्रतिशत) अधिक है। आगामी वर्ष 2025-26 में आलू की पैदावार लगभग 584.47 लाख टन रहने की संभावना है। टमाटर की पैदावार में आगामी वर्षों में बड़ी तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 के 213.23 लाख टन की तुलना में 2024-25 में इसकी पैदावार 205.99 लाख टन अनुमा. नित है। वर्ष 2025-26 में टमाटर की पैदावार तेजी से बढ़कर लगभग 227.02 लाख टन पहुंचने की संभावना जताई गई है। इससे न केवल बाजारों में उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी को भी मजबूती मिलेगी।

# मयूर विहार से एम्स तक का सफर होगा सिग्नल फ्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने बारापुला फेज-III एलिवेटेड कॉरिडोर और एमबी रोड पर 6-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर व अंडरपास परियोजना को स्वीकृति दे दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से लाखों लोगों को राहत मिलेगी और दिल्ली की सड़क व्यवस्था अधिक आधुनिक और सुगम बनेगी। ये परियोजनाएं 'विकसित दिल्ली' के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने में भी योगदान देंगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इन दोनों योजनाओं को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सराय काले खां से मयूर विहार तक बारापुला नाले के ऊपर एलिवेटेड रोड (फेज-III ) के निर्माण के लिए संशोधित लागत 1635.03 करोड़ रुपये मंजूर की गई है। यह परियोजना मौजूदा बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर का विस्तार है और इसके पूरा होने पर पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार से दक्षिण दिल्ली में एम्स तक बिना सिग्नल के सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी।उन्होंने कहा कि इससे पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली के बीच रोज यात्रा करने वाले लाखों लोगों का यात्रा समय काफी कम होगा और सराय काले खां, रिंग रोड, डीएनडी फ्लाईवे तथा एनएच-24 के आसपास होने वाला ट्रैफिक जाम भी कम होगा। इस परियोजना का निर्माण कार्य 30 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार के समय इस परियोजना में हुई अनावश्यक देरी को सरकार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे मामले को एंटी-करप्शन ब्रांच को विस्तृत जांच के लिए भेज दिया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि देरी क्यों हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। मौजूदा सरकार परियोजना को स्पष्ट वित्तीय व्यवस्था और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ा रही है।

## रिश्वत लेते पकड़ा गया दिल्ली पुलिस का एएसआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विजिलेंस यूनिट ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गीता कॉलोनी थाने में तैनात एक एएसआई को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी एएसआई शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई बराखंबा रोड स्थित विजिलेंस यूनिट की टीम ने की। आरोपी की पहचान रोहताश कुमार के रूप में हुई है, जो गीता कॉलोनी पुलिस स्टेशन में तैनात था। शाहदरा निवासी एक व्यक्ति ने विजिलेंस यूनिट से शिकायत की थी कि उसकी पत्नी ने उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न से जुड़ा मामला दर्ज कराया है। इस मामले की जांच एएसआई रोहताश कुमार कर रहा था।

## दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 23 से 25 मार्च तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का आगामी बजट सत्र 23 मार्च से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। केबिनेट के निर्णय अनुसार 23 मार्च को सदन के पटल पर 'आर्थिक सर्वेक्षण' (इकोनॉमिक सर्वे) की रिपोर्ट रखी जाएगी। अगले दिन यानी 24 मार्च को दिल्ली सरकार अपना बजट पेश करेगी।

# आबकारी घोटाला: केजरीवाल-सिसोदिया व बाकी को जवाब दाखिल करने का दिया समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और इस मामले के अन्य आरोपियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है।

मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को निर्धारित की गई है। नोटिस के बाद भी केजरीवाल या अन्य किसी आरोपी के द्वारा जवाब दाखिल नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान सीबीआई की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह हर बार आरोप लगाकर भाग जाते हैं, न्यायिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कहा कि वह कुछ समय चाहते हैं क्योंकि इस मामले में बेंच बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है। जिसपर अदालत ने केजरीवाल की मांग पर जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया।

कथित दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राउज एवेन्यू कोर्ट के उस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा कुल 23 आरोपियों को आरोपमुक्त किया था।

## नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने को लिया जाएगा तकनीक का सहारा

**नई दिल्ली।** राजधानी के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रा को अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इसके तहत स्टेशन पर आने-जाने वाली भीड़ का अध्ययन करने के लिए 'डिजिटल ट्वीन' तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसके आधार पर भविष्य की योजना तैयार की जाएगी। इस परियोजना को लागू करने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ टेलेकमुनिकशन और रेलवे अधिकारियों का एक संयुक्त कार्य समूह बनाया गया है। इस समूह की अध्यक्षता दूरसंचार विभाग के डीडीजी असित काद्यान (डिजिटल ट्वीन विभाग) कर रहे हैं।डिजिटल ट्वीन तकनीक के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का एक डिजिटल मॉडल तैयार किया जाएगा।

# अवैध एलपीजी सिलेंडर जमाखोरी रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एंटी-एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल ने अवैध एलपीजी सिलेंडर जमाखोरी रैकेट का भंडाफोड़ कर मुंडका गोदाम से 610 सिलेंडर बरामद किए है। पुलिस द्वारा मालिक की तलाश की जा रही है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि एक विशिष्ट गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर अमित सोलंकी के नेतृत्व में टीम ने मुंडका, स्थित एक इंडेन गैस सर्विसिश पर छापा मारा। परिसर के निरीक्षण पर पाया गया कि इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस सहित विभिन्न कंपनियों के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों को गोदाम के अंदर अवैध रूप से एक साथ जमा करके रखा गया था। यह एल पीजी (आपूर्ति और वितरण का विनियमन) आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।प्रारंभिक जांच से पता चला कि श इंडेन गैस सर्विसिश केवल इंडेन कंपनी के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों का अधिकृत वितरक है। हालाँकि, छापे के दौरान यह पाया गया कि परिसर के अंदर भारत गैस और एचपी गैस जैसी अन्य तेल विपणन कंपनियों के सिलेंडरों को भी जमा किया जा रहा था और उनका रखरखाव किया जा रहा था, जिसकी अनुमति एलपीजी वितरक लाइसेंस की शर्तों के तहत नहीं है।

## नशा तस्करों के खिलाफ तेज हुई कार्यवाही

**नई दिल्ली।** राजधानी में नशा तस्करी के खिलाफ तेज हुई कार्रवाई के बीच पिछले एक वर्ष में ड्रग्स से जुड़े मामलों और गिरफ्तारियों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि गिरफ्तारियां लगभग 25 प्रतिशत बढ़ गईं।

पुलिस के मुताबिक वर्ष 2024 में छक्के एक्ट के तहत 1,789 मामले दर्ज किए गए थे, जो 2025 में बढ़कर 2,154 हो गए। इसी अवधि में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या 2,290 से बढ़कर 2,853 तक पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार तस्करी का नेटवर्क कई चरणों में काम करता है। गिरोह का सरगना पहले विदेशों से कच्चे नशीले पदार्थ मंगवाता है।



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में दो परियोजनाओं की मंजूदी दी गई।

## एक नजर

### डिज्नी एडवेंचर निकला यात्रा पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** डिज्नी एडवेंचर ने अपने पहले मेहमानों का स्वागत किया और उसी के साथ जहाज, सिंगापुर से अपनी पहली यात्रा पर निकला और एशिया में घरेलू बंदरगाह पर पहुंचने वाला पहला डिज्नी क्रूज लाइन जहाज बन गया। यह जहाज डिज्नी की 100 से ज्यादा सालों की कहानी सुनाने की कला पर आधारित है, जो एशिया में मेहमानों के लिए पसंदीदा डिज्नी, मार्वल और पिक्सर की कहानियों को बिल्कुल नए तरीकों से जीवंत करता है। डिज्नी एडवेंचर पर, जादू सात खास विषय वाले एरिया में जीवंत होता है: डिज्नी इमेजिनेशन गार्डन, टॉय स्टोरी प्लेस, सैन फ्रांसिस्को स्ट्रीट, टाउन स्क्वायर, वेफाइंडर बे, डिज्नी डिस्कवरी रीफ और मार्वल लैंडिंग। इन सभी एरिया में फैले, मेहमान परिवार में सभी के लिए कुछ न कुछ पा सकते हैं, जिसमें बेहतरीन मनोरंजन की पेशकश, रोमांचक आकर्षण, स्वादिष्ट खाने के विकल्प, खास खुदरा गंतव्य और भी बहुत कुछ शामिल है।

### दिल्ली पहुंची ग्रीन मैराथन सीजन 6

**नई दिल्ली।** लखनऊ, चंडीगढ़, भोपाल, विशाखापट्टनम, बेंगलुरु, गुवाहाटी, कोलकाता, अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम, जयपुर, पटना, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद जैसे शहरों में हरित आंदोलन को प्रेरित करने के बाद, एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 देश की राजधानी नई दिल्ली पहुँचा। ताजगी भरी सुबह मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम फिटनेस, सामुदायिक उत्साह और पर्यावरण जागरूकता का एक जीवंत केंद्र बन गया, जहाँ हजारों धावक सस्टेनेबिलिटी के संदेश के समर्थन में एकत्र हुए। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक खेल परिवेश के बीच आयोजित दिल्ली संस्करण ने मैराथन की सोच "ग्रीनर इंडिया के लिए रन" को खूबसूरती से दर्शाया। अपनी उत्साही रनिंग कम्युनिटीज, सक्रिय लाइफस्टाइल संस्कृति और टिकाऊ शहरी जीवन पर बढ़ते ध्यान के लिए पहचानी जाने वाली दिल्ली इस देशव्यापी ग्रीन मूवमेंट के लिए एक आदर्श मंच बनी।

### मिलेनियम सिटी में कॉमिक कॉन का आगाज

**गुरुग्राम।** मारुति सुजुकी एरिना द्वारा प्रस्तुत और क्रंचीरोल द्वारा पावर्ड शगुरुग्राम कॉमिक कॉनश का आज जिमखाना क्लब ग्राउंड में भव्य शुभारंभ हुआ। मिलेनियम सिटी में पहली बार आयोजित हो रहे इस पॉप-कल्चर फेस्टिवल को लेकर प्रशंसकों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। 14 और 15 मार्च को होने वाले इस दो दिवसीय उत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे। कॉमिक्स, गेमिंग, एनीमे और पॉप-कल्चर के इस अनूठे संगम ने शहर के माहौल को पूरी तरह बदल दिया, जिससे यह आयोजन वैश्विक स्तर का महसूस हो रहा था। मुख्य मंच पर दोपहर के दौरान कई विशेष सत्र आयोजित किए गए। मारुति सुजुकी एरिना, क्रंचीरोल और रेडियो मिर्ची द्वारा प्रस्तुत इन शशोकेसश कार्यक्रमों ने प्रशंसकों को एनीमे, स्टोरीटेलिंग और फैंडम कल्चर के करीब आने का मौका दिया।

### एचडीएफसी लाइफ ने ताजा सर्वे पेश किए

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ ने उत्तर भारत के लिए अपने रेडी फॉर लाइफ इंडेक्स (आरएलआई) के क्षेत्रीय निष्कर्ष जारी किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह क्षेत्र वित्तीय रूप से आत्मविश्वासी तो है लेकिन लंबी अवधि की वित्तीय तैयारी के मामले में सुधार की आवश्यकता है। इप्सोस इंडिया के साथ मिलकर तैयार की गई इस रिपोर्ट में चार प्रमुख पहलुओं; वित्तीय योजना, आपातकालीन तैयारी,हेल्थ व वेलफेयर और रिटायरमेंट प्लानिंग आदि पर लोगों की धारणा और वास्तविक तैयारी का आकलन किया गया है। एचडीएफसी लाइफ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ बिजनेस ऑफिसर विनीत अरोरा ने कहा, "उत्तर भारत में वित्तीय आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षाएं काफी मजबूत हैं।

### एलपीजी की बधित आपूर्ति के चलते पलायन कर रहे मजदूर

**नई दिल्ली।** एलपीजी की बधित आपूर्ति ने शहर में प्रवासी मजदूरों की रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। हजारों मजदूरों का पेट जिन छोटे ढाबों और होटलों के भरोसे भरता था, वह गैस की कमी के कारण बंद होने लगे हैं। इस कारण प्रवासी मजदूरों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है।बढ़ते खर्च और सीमित काम के बीच कई मजदूर अपने गांव लौटने की तैयारी कर रहे हैं। राजधानी के लेबर चौक, औद्योगिक इलाकों, बाजारों और निर्माण स्थलों के आसपास सस्ते भोजन के लिए छोटे होटल और ढाबे ही मजदूरों का सहारा होते हैं। यहां 40 से 60 रुपये में भरपेट खाना मिल जाता था लेकिन पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस सिलिंडर की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण इन होटलों की रसोई ठंडी पड़ गई है। मुनिरका, पहाड़गंज, सदर बाजार, करोल बाग, बवाना और नरेला समेत कई इलाकों में छोटे ढाबों ने अस्थायी रूप से दुकानें बंद कर दी हैं।

## जेफरी एपस्टीन से नाम जोड़ने पर हरदीप पुरी की बेटी ने किया मुकदमा

**नई दिल्ली।** बाल यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़ने को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आनलाइन समाचार रिपोर्टों, पोस्टों, वीडियो और अन्य सामग्री को हटाने की मांग की है। हिमायनी पुरी ने हर्जाने के तौर पर 10 करोड़ रुपये की मांग को है। मामले की सुनवाई आज मंगलवार को होने की संभावना है। गौरतलब है कि पिछले दिनों कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर कथित तौर पर कुछ फाइलों और दस्तावेजों का हवाला देते हुए ऐसे दावे किए गए थे, जिनमें कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के साथ-साथ हिमायनी पुरी का नाम भी जोड़ा गया।

# प्रवेश साहिब सिंह व बांसुरी स्वराज ने बिजली आपूर्ति नेटवर्क के उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में बिजली आपूर्ति आधारभूत ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने के मकसद से, दिल्ली सरकार के मंत्री - प्रवेश साहिब सिंह और सांसद (नई दिल्ली) - बांसुरी स्वराज ने लोधी कॉलोनी में बिजली आपूर्ति नेटवर्क के उन्नयन की परियोजना का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास कार्यक्रम सेंट्रल पार्क कॉर्नर, मेन मार्केट, लोधी कॉलोनी रोड, नई दिल्ली में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ( एनडीएमसी) सदस्यों - अनिल वाल्मीकि और सरिता तोमर, साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में हुई। इस प्रोजेक्ट का मकसद इलाके की बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए भरोसेमंद बनाना, स्थिर वोल्टेज सप्लाई को पक्का करना और पुराने बिजली वितरण प्रणाली को अपग्रेड करना भी शामिल है।

बिजली आपूर्ति के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और रहने वालों के लिए भरोसेमंद बिजली सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, एनडीएमसी ने लोधी कॉलोनी गवर्नमेंट फ्लैट्स में बिजली वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस पहल का मकसद पुराने बिजली के आधारभूत ढांचे और वर्षों से बढ़ी बिजली की मांग की वजह से बिजली कटौती, कम वोल्टेज और उतार-चढ़ाव जैसी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर करना भी है।लोधी कॉलोनी गवर्नमेंट फ्लैट्स में बिजली की सप्लाई पालिका परिषद करती है, जबकि फ्लैट्स के अंदर बिजली का रखरखाव सीपीडब्ल्यूडी करता है। 1960 के दशक में हर फ्लैट के लिए सिर्फ 01 किलोवॉट बिजली का लोड मंजूर था। हालांकि, समय के साथ, यह जरूरत बढ़कर लगभग 05 से 10 किलोवॉट प्रति फ्लैट हो गई है। दशकों पहले डिजाइन किया गया मौजूदा सिस्टम अब आज की मांग को पूरा करने के लिए काफी नहीं है, जिसके कारण अक्सर बिजली जाती रहती है, खासकर गर्मियों के मौसम में। इस समस्या को हल करने और लोगों को लगातार और अच्छी बिजली सप्लाई देने के लिए, एनडीएमसी ने लोधी कॉलोनी इलाके में बिजली वितरण नेटवर्क को अपग्रेड करने के लिए एक बड़ा प्रोजेक्ट तैयार किया।

## सेल्सफोर्स एआई सीआरएम ने की स्टेट ऑफ सेल्स रिपोर्ट के नतीजों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेल्सफोर्स एआई सीआरएम ने आज अपनी नई स्टेट ऑफ सेल्स रिपोर्ट के नतीजों की घोषणा की, जिसमें पता चला कि 91% भारतीय सेल्स प्रोफेशनल्स का कहना है कि एआई एजेंट्स बिजनेस की सफलता के लिए जरूरी हैं। जैसे-जैसे सेल्स टीमें (ब्रिकी टीमें) 2026 की शुरुआत बड़े लक्ष्यों के साथ कर रही हैं, वे अपने तय लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए एआई ख्र खासकर एजेंट्स की ओर रुख कर रही हैं। सर्वे से पता चलता है कि इस साल कंपनी की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए एआई सबसे प्रमुख तकनीक है। संगीता गिरी, एसवीपी और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिस-साउथ एशिया, सेल्सफोर्स ऑफिसर, ने कहा कि "भारत के बहुत ज्यादा प्रतियोगी बाजार में, हम शहसलश (उलझनों) से शहाई-प्रिसिजनश (बेहद सटीक) की ओर एक बड़ा बदलाव देख रहे हैं।

एआई एजेंट्स रुकावटों को दूर करके, सीखने की रफ्तार बढ़ाकर, और टीमों को ग्राहकों के साथ भरोसा बनाने के लिए जरूरी समय देकर, बराबरी करने वाले बन रहे हैं। भारत जैसे तेजी से बदलते और रिश्तों पर चलने वाले मार्केट में, 2026 में जीतने वाले सेलर्स वे होंगे जो इंसानी फैसले को एआई एजेंट्स के साथ जोड़ेंगे जो बैकग्राउंड में लगातार काम कर रहे हैं।"



प्रवेश साहिब सिंह वबांसुरी स्वराज लोधी कॉलोनी इलाके में बिजली आपूर्ति नेटवर्क कार्य का शिलान्यास करते हुए।

# बाल विवाह के खात्मे को मर्यादित माहवारी पर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेसिक फाउंडेशन संस्था द्वारा लॉरियस स्पोर्ट्स फॉर गुड फाउंडेशन एवं क्रीड़ा विकास संस्थान के सहयोग से सीमापुरी, दिल्ली में मर्यादित माहवारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लॉरियस स्पोर्ट्स फॉर गुड सिटी दिल्ली कोलिशन से जुड़े सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



कार्यशाला का संचालन विश्व विख्यात मर्यादित माहवारी कार्यकर्ता डॉ. राधा पौडेल ने किया। कार्यशाला में सीमापुरी क्षेत्र में कार्यरत 20 से अधिक सामाजिक संगठनों के लगभग 30 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में लॉरियस स्पोर्ट्स फॉर गुड फाउंडेशन की भारत प्रतिनिधि रेनू यादव ने डॉ. राधा पौडेल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवर पर प्रतिभागी शिवांगी ने बताया कि इस कार्यशाला से उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि माहवारी एक प्राकृतिक और सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। पलक ने बताया कि माहवारी के दौरान उपयोग किए जाने वाले उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने चाहिए। वहीं आसमा ने कहा कि महिलाओं के माध्यम से ही एक नए जीवन का जन्म संभव होता है, इसलिए माहवारी को अपवित्र मानना एक सामाजिक भ्रांति है, जिसे दूर करना आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर जन संदेश संस्था के संचालक रमेश पासवान ने डॉ. राधा पौडेल को शॉल भेंट कर उनका धन्यवाद किया।

कार्यशाला के आयोजक बेसिक फाउंडेशन के संस्थापक एडवोकेट जलालुद्दीन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में माहवारी को महिलाओं के लिए गर्व और सम्मान का विषय बनाने की दिशा में सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# श्री खाटू श्याम धार्मिक बस यात्रा शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खाटू धाम के दर्शन अब हर भक्त के लिए और भी आसान हो गए हैं। राजधानी दिल्ली से खाटू श्याम जी के दरबार तक भक्तों को पहुँचाने के लिए श्री राधेश्याम मित्र मंडल, दिल्ली ने विशेष धार्मिक बस यात्रा शुरू की है। इस सेवा के अंतर्गत श्रद्धालु मात्र ঘ100 में बाबा श्याम के पावन धाम के दर्शन कर सकेंगे।

यह बस यात्रा दिल्ली के गीता कॉलोनी से रवाना होगी। जो भी भक्त इसमें सम्मिलित होना चाहता है, वह पहले से आयोजकों से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकता है। नाम दर्ज होने के बाद प्रत्येक भक्त के नाम से बाबा श्याम जी के दरबार में पूजा-अर्चना और दर्शन सुनिश्चित किए जाएँगे। इस यात्रा में शामिल




श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता, भोजन-पीना और ठहरने की सुविधा भी श्री राधेश्याम मित्र मंडल की ओर से की जाएगी। मंडल का कहना है कि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए सारी व्यवस्थाएँ सेवा भाव से उपलब्ध कराई जाएँगी।

## ड्राइवरलेस तकनीक में दिल्ली मेट्रो का दुनिया भर में डंका

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने चालक रहित (ड्राइवरलेस) मेट्रो नेटवर्क के मामले में वैश्विक स्तर पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। पिंक और मजेंटा लाइन के विस्तार के साथ दिल्ली मेट्रो अब दुनिया के सबसे बड़े चालक रहित मेट्रो प्रणालियों में शुमार हो गई है। भविष्य की जरूरतों और फेज-4 की चुनौतियों को देखते हुए डीएमआरसी ने 52 नई ट्रेनों की खरीद का खाका तैयार किया है। दुनिया में सऊदी अरब की रियाद मेट्रो सबसे लंबे पूर्णत: चालक रहित नेटवर्क के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। तकनीकी श्रेष्ठता के मामले में दिल्ली मेट्रो ने लंदन और पेरिस जैसे शहरों के नेटवर्क को कड़ी टक्कर दी है।

# समाज सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर अक्षय पात्र करेगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा देशभर के बच्च्चों को कुल 5 बिलियन भोजन परोसने की ऐतिहासिक उपलब्धि और समाज सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगी। यह पहल भारत सरकार की प्रमुख 'पीएम पोषण' योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इस कार्यक्रम का विषय 'विकसित भारत के लिए सुपोषित और सुशिक्षित भारत' रखा गया है, जो बाल पोषण और शिक्षा के माध्यम से एक नए और विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। माननीय राष्ट्रपति इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी, जबकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम 17 मार्च 2026 को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अक्षय पात्र के संस्थापक अध्यक्ष मधु पंडित दासा और उपाध्यक्ष चंचलापति दासा सहित ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, प्रमुख नेता, नीति विशेषज्ञ, परोपकारी व्यक्तित्व, भागीदार और अन्य हितधारक शामिल होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### महामाया देवी मंदिर के 500 मीटर के अंदर

# मुस्लिमों की दुकानें नही लगने दी जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सुदर्शन राष्ट्र निर्माण हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारीगणो द्वारा धरना प्रदर्शन तहसील मोदीनगर में किया गया जिसके बाद एसडीएम मोदीनगर को ज्ञापन सौंप यह मांग की गई कि ऐतिहा. सिक महामाया मंदिर सीकरी वाली माता के मंदिर मे नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में भक्त उत्तर प्रदेश व विभिन्न राज्यो से प्रसाद चढ़ाकर मनोक. ामना पूर्ति के लिए आते हैं।




देश में जिस प्रकार मुसलमानों द्वारा बार-बार जानबूझकर खाने व पीने के पदार्थों में थूक और मूत्र मिलाए जाने जैसी तथा अन्य सनातन धर्म विरोधी घटनाएं लगातार जारी है। अत: ज्ञापन देकर यह मांग की गई कि नवरात्रि के पावन पर्व पर महामाया सीकरी मन्दिर के आसपास हिंदू धर्म के लोगों के अलावा मुसलमानों की फल, प्रसाद, जूस, झूले व अन्य सामानों की दुकानो को तत्काल प्रभाव से मन्दिर परिसर से 500 मीटर तक की दूरी तक प्रति. बंधित किया जाए तथा जो भी दुकान/ ठीए हिंदुओं को आवंटित की गई है उन पर बड़े-बड़े अक्षरों में उनके नाम, दुकानों के कारीगरों के नाम (व मोबाइल नंबर अंकित किए जाएं और नवरात्रों तक तहसील मोदीनगर क्षेत्र के अंदर सभी मीट व मांस की दुकानों/होटलों को तत्काल प्रभाव से बंद कर मेले की संपूर्ण व्यवस्था को चाक चौबंद बंद किया जाए। इस मांग का अन्य कई हिंदूवादी संगठनों ने भी ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर श्री राज वर्मा, अरुण चौधरी, विकास चौधरी, प्रतीक त्यागी, पंकज कंसल, धीरेन्द्र शर्मा, अनिल जैन, कृष्ण कुमार, चंद्रपाल चौधरी, जिले सिंह, सीमा शर्मा, जितेंद्र चौधरी, कविता चौधरी, बबलू चौधरी, प्रवीण, रोहित खटीक, सुखबीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, दीपक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस पर एसडीएम मोदीनगर ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय और हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट के बीच एमओयू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर ने छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और आधुनिक प्रबंधन कौशल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय के एमबीए पाठ्यक्रम में हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस पहल के अंतर्गत एमबीए के विद्यार्थियों को एक वर्ष के दौरान 12 हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट सर्टिफिकेट प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों को वैश्विक व्यापार, प्रबंधन और नेतृत्व कौशल की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी तथा वे आधुनिक कॉरपोरेट जगत की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकेंगे।




बताया गया कि यह कार्यक्रम सेल्फ-पेस्ड लर्निंग प्रणाली पर आधारित होगा, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी गति के अनुसार अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही उनकी प्रगति की नियमित निगरानी भी की जाएगी, जिससे उन्हें प्रबंधन और नेतृत्व के नवीनतम सिद्धांतों से अवगत कराया जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह पहल छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यावसायिक समझ प्रदान करने के साथ-साथ उनके करियर को नई दिशा देने में भी सहायक सिद्ध होगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

# कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल के वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विगत वर्ष की तरह कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल ने इस वर्ष भी अपने स्कूल के वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बी एस ए अधिकारी अनिल शर्मा व डॉ. रिचा सूद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नेहा विरमानी व संजीव उपस्थित थे। इंचार्ज पिंकी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।



मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या मनीषा ने विद्यालय की शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला व अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन जलपान वितरण द्वारा किया गया।

### इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन 28-29 मार्च को

# राजनगर एक्सटेंशन में लगाएगी नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा अभिभावकों को महंगी किताबों के बोझ से राहत दिलाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "बुक एक्सचेंज मेला" आयोजित किया जा रहा है।

इस संबंध में सहायता संपर्क समूह एवं राजनगर एक्सटेंशन ट्रस्ट के साथ आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि यह मेला 28 एवं 29 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सेंट्रल पार्क, ओरा कायमेरा सोसायटी, राजनगर एक्सटेंशन में लगाया जाएगा।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से बुक एक्सचेंज मेले के माध्यम से एक सराहनीय सामाजिक अभियान चला रहा है। इस पहल के जरिए जहां लाखों पेड़ों को कटने से बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है, वहीं हजारों अभिभावकों को एक-दूसरे के साथ किताबें एक्सचेंज कराकर उनके ऊपर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

सहायता संपर्क समूह के अध्यक्ष तुषार कंसल एवं राजनगर एक्सटेंशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपांशु मित्तल ने कहा कि वे इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के साथ मिलकर इस अभियान को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



उन्होंने कहा कि बुक एक्सचेंज मेला अभिभावकों के लिए एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां वे बिना किसी शुल्क के किताबों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मेला पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा।

हर वर्ष हजारों अभिभावक इसमें भाग लेकर एक-दूसरे से किताबें एक्सचेंज करते हैं। अब देश के कई राज्यों के अभिभावक भी इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की इस पहल को अपनाकर निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष महंगी किताबें खरीदने के लिए बनाए जाने वाले दबाव के खिलाफ एक सकारात्मक विकल्प तैयार कर रहे हैं।

इस अवसर पर महिपाल रावत, तुषार कंसल, दीपांशु मित्तल, सौरभ अग्रवाल, निशांत बंसल, एडवोकेट मोहित वर्मा, कपिल देव शर्मा, विवेक त्यागी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### युवा कानून विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन पर

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विशेष व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा च्ंजी वित ल्वनदह स्ूं ।चपतंदजे विषय पर एक विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री राखी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कानून के विद्यार्थियों को विधि क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों जैसे लिटिगेशन, न्यायिक सेवा, कॉरपोरेट लॉ, लीगल कंसल्टेंसी, अकादमिक क्षेत्र और सिविल सेवाओं के बारे में जानकारी देना था।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्म सिंह पवारिया, दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमरीश कुमार त्यागी, अधिवक्ता भारत त्यागी, अधिवक्ता नितिन त्यागी तथा अधिवक्ता हितेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान और प्रगति का प्रतीक है। इसके बाद डॉ. हेमंत के. शर्मा, निदेशक, स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कानून के छात्रों के लिए अनुभवी विशेषों से मार्गदर्शन प्राप्त करना बेहद महत्वपूर्ण है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा देने में सहायक होते हैं। मुख्य वक्ता धर्म सिंह पवारिया ने अपने लंबे न्यायिक अनुभव को साझा करते हुए कानून की पढ़ाई के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद अमरीश कुमार त्यागी, वरिष्ठ अधिवक्ता, दिल्ली हाईकोर्ट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित और अनुशासित रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो चां. सलर (अकादमिक) विमल कुमार शर्मा, प्रो चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) परसंजित कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के अंत में राखी त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित अतिथियों ने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी होते हैं। स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर सीखने के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एसआरएम में 'आरोग्य शक्ति' स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली-एनसीआर परिसर, मोदीनगर में दिनांक 10 मार्च 2026 को नि:शुल्क "आरोग्य शक्ति स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर" का आयोजन किया गया। यह शिविर कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, तेल मिल गेट मोदीनगर, नियो हॉस्पिटल, सेक्टर-50 नोएडा तथा क्लोव डेंटल, नोएडा के सहयोग से संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन के दिशा-निर्देशों तथा डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन ख्र आईक्यूएसी), डॉ. गीता भवानी (डीन ख्र विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. नवीन अहलावत (डीन - कैंपस लाइफ / शिविर समन्वयक) एवं सीएमओ ईएसआईसी डॉ. सुनीता सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता सिंह ने प्रतिभागियों को सर्वाइकल कैंसर के संभावित लक्षणों एवं उसके उपचार के प्रति जागरूक किया।

शिविर का समन्वयन चीफ प्रॉक्टर डॉ. पंकज वार्ष्णेय तथा डिप्टी प्रॉक्टर राकेश पांडेय एवं विनोद उपाध्याय द्वारा किया गया। इस शिविर का उद्देश्य संस्थान के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते पता लगाना था।

शिविर में प्रतिभागियों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप मापन, रक्त शर्करा परीक्षण, हृदय स्वास्थ्य के लिए ईसीजी जांच तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। लगभग 125 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने इस शिविर में भाग लेकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम ने न केवल संस्थान और ईएसआईसी के बीच सहयोग को मजबूत किया, बल्कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूकता तथा जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

# स्वदेशी जागरण मंच में विकास चौधरी को पश्चिम क्षेत्र संपर्क प्रमुख का दायित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद बुलंदशहर के सिकंदराबाद क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गेदपुर जाट परिवार में जन्मे युवा सामाजिक कार्यकर्ता विकास चौधरी को स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया है।

संगठन की राष्ट्रीय परिषद बैठक में उनके अब तक के कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उनके कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए उन्हें पश्चिम क्षेत्र संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है।



विकास चौधरी ने अपनी शिक्षा-दीक्षा और सामाजिक कार्यों की शुरुआत दिल्ली में की। छात्र जीवन से ही वे संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे। उनका परिवार भी राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित रहा है। प्रारंभिक समय में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे तथा शाखा में मुख्य शिक्षक और शाखा कार्यवाह जैसे दायित्व निभाए।

वे संघ के द्वितीय वर्ष शिक्षित भी हैं। वर्तमान में उनके पिताजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। छात्र जीवन के दौरान उन्होंने दिल्ली विश्व. विद्यालय में सक्रिय छात्र नेतृत्व किया और छात्र संघ के चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। एक ही चुनाव में दो पदों पर जीत दर्ज कर उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

इसके बाद वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और संगठन में कॉलेज इकाई से लेकर प्रांत तथा राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वर्ष 2005 में छात्र हितों की आवाज बुलंद करने के कारण उन्हें 15 दिन तिहाड़ जेल भी जाना पड़ा। छात्र जीवन के बाद उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और युवाओं में स्वरोजगार की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच से जुड़ने का निर्णय लिया।

उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच में युवा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपने कार्य की शुरुआत की और कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। विश्व व्यापार संगठन (WTO) और चीन के बहिष्कार जैसे मुद्दों पर निकली स्वदेशी आत्मनिर्भर यात्राओं का नेतृत्व किया।

संगठन ने उनके नेतृत्व और कार्यकुशलता पर विश्वास जताते हुए वर्ष 2020 में उन्हें देश के सबसे कम उम्र के स्वदेशी जागरण मंच दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा।

उनके नेतृत्व में दिल्ली में संगठन ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। स्वदेशी मेलों की शुरुआत उनके कार्यकाल में हुई, जो आज दिल्ली में बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। विकास चौधरी आज युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों के अनेक युवा उनसे प्रेरणा लेते हैं। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और युवाओं तथा छात्रों में स्वरोजगार और स्वदेशी के भाव को जागृत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपति और बच्चे घायल

**नांगल सोती।** अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी और उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज देर शाम करीब सात बजे उत्तराखंड के श्यामपुर निवासी सोनू अपनी पत्नी रूबी और अपने दो बच्चों के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था। नांगल चंदक मार्ग पर सौफतपुर के सामने बिजली घर के समीप उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सोनू और उसकी पत्नी और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर नांगल पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भेजा।

## संबंध विच्छेद

मैं, राजेश शर्मा पुत्र स्व. गंगा प्रसाद निवासी- सी- 78, गणेश. पुरी शालीमार गार्डन साहिबाबाद जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र सचिन शर्मा व पुत्रवधु कमलेश कुमारी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# वन विभाग की भूमि पर अवैध कॉलोनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू (सरपंच) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन ने वन विभाग की भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने, ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने और ग्राम में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे उठाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत मिर्जापुर उर्फ प्रीतमगढ़ में अभी तक पक्का रास्ता और पुल का निर्माण नहीं हुआ है। बरसात के दिनों में कोटावाली नदी में पानी बढ़ने पर ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है, जिससे कई बार हादसों का खतरा बना रहता है। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के आरक्षित वन क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही है, जिससे सरकारी जमीन पर कब्जा होने का खतरा है। इस मामले में क्षेत्र के कई माफिया सक्रिय है। दूसरे प्रदेशों के माफियाओं ने भी यहां पर डेरा डाल रखा है। ग्राम अलीपुरा में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे और चांदपुर क्षेत्र की एक विवादित भूमि पर अवैध रूप से आरा मशीन लगाए जाने का मुद्दा भी ज्ञापन में उठाया गया। संगठन ने मांग करते हुए कहा कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान, जिला अध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेन्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेन्ट परामर्श कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईटीएस- दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस-चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज, द्वारा जापान से इरिश कंसलटेंसी की अधिकारी एरिको नोदा को विशेष रूप से विद्यार्थियों को विदेश में उपलब्ध अवसरों तथा वहां आवेदन करने के लिए आवश्यक योग्यताओं और प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया।



इस अवसर पर जापान की प्रतिष्ठित संस्था इरिश कंसलटेंसी की अधिकारी एरिको नोदा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए जापान में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार उचित अभ्यास, भाषा ज्ञान और कौशल विकास के माध्यम से वे विदेशों में बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतराष्ट्रीय कार्य संस्कृति, कार्य वातावरण तथा वहॉ की आवश्यकताओं के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की तथा विदेशों में रोजगार से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे।

एरिको नोदा ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें भविष्य की तैयारी के लिये उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस परामर्श सत्र से विद्यार्थियों को अपने करियर को वैश्विक स्तर पर आगे बढाने की दिशा में नई प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अंतराष्ट्रीय अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा अपने ज्ञान, और कौशल विकास पर निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। जिससे वे भविष्य में देश और संस्थान का नाम गौरान्वित कर सकें।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी विद्यार्थियों ने आईटीएस- दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और निरंतर सहयोग के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद दिया।

## सूचना

दिनांक 11.3.2026 में शाह टाइम्स दिल्ली संस्करण के पेज संख्या-4 पर प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में अनीस शेख को मेरे व्यवहारी द्वारा सभी दायित्वों से मुक्त किया गया था। लेकिन सूचना में कुछ त्रुटि होने के चलते इसे दोबा. रा से दिनांक 12.03. 2026 को प्रकाशित कराना पड़ा। लेकिन पूर्व प्रकाशित सूचना 11 मार्च 2026 के आधार पर ही अनीस शेख को उत्तरदायित्व से मुक्त माना जाए। हालांकि इस संबंध में शुद्धिकरण भी प्रकाशित किया जा चुका है।

**अशोक शर्मा एडवोकेट**
**चेंबर नंबर 173**
**गाजियाबाद कोर्ट।**

# कमजोर रैंकिंग वाले अधिकारी अपनी कार्यशैली में लाएं सुधार:रंजन

## प्रमुख सचिव ने की जिले के विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, राजस्व कार्यो व प्रमुख सरकारी योजनाओं की व्यापक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को शासन से जनपद नोडल अधिकारी के रूप में नामित आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने जिले के विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, राजस्व कार्यो और प्रमुख सरकारी योजनाओं की व्यापक समीक्षा बैठक की। विभागीय कार्यो में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति सुनिश्चित करना के निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख सचिव ने फरवरी माह में कम रैंकिंग वाले विभागों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग कमजोर रही है, वह अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएँ और सभी योजनाओं में विभागीय समन्वय बेहतर बनाएँ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आवश्यक सुधार नहीं किए गए, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा



की गई। प्रमुख सचिव ने नाराजगी व्यक्त की कि जिले में मार्च 2026 तक 1880 लक्ष्यों में केवल 1123 लाभार्थियों तक ही योजना के अनुदान का लाभ पहुंचा है। उन्होंने योजना की सी श्रेणी रैंकिंग पर चिंता जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना का प्रचार-प्रसार तेज किया जाए और लाभार्थियों को योजना की पूरी जानकारी समय पर दी जाए। उन्होंने बैंक लोन स्वीकृति में आई शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि योजना में तेजी आए। इस में 2 किलोवॉट तक के सोलर पैनल की लागत 1.25 लाख है, जिसमें 90,000 की सब्सिडी दी जाती है। यह सोलर पैनल एक परिवार के चार पंखे और चार लाइट, फ्रीज चलाने के लिए पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध कराता है।

प्रमुख सचिव ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में भी संबंधित अधिकारीयो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उपयुक्त उद्योग से नाराजगी व्यक्त की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार और योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पा रहा है इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेलों के माध्यम से भी योजना का लाभ पहुंचाया जा सकता है। सरकार युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए संकल्पित है अधिकारी सरकार के विजन के अनुसार कार्य करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की अधिकारी फील्ड में निकल कर कार्यो की व्यवस्था देखें आम आदमी की जो समस्याएं है उन्हें समझें और उनका निस्तारण करें और संबंधित विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है उसमें सुधार किया जाए। अधिकारी अपने लेवल पर कार्य को अच्छा करें जो अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी राहुल वर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर किया जाए समस्यां का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऑटो मोड में कार्य सही हो जाना अधिकारी के कार्य शैली में नहीं आता है। उन्होंने आईजीआरएस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से फोन पर बात की जाए। शिकायतकर्ता की जो समस्या है उसकी समस्या का निस्तारण ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। बिजली के बिल को लेकर भी उन्होंने बिजली विभाग से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि घर में मीटर चल नहीं रहा घर वाले बाहर हैं और बिजली का बिल निरंतर ज्यादा आता है ऐसी समस्या नहीं आनी चाहिए। इस पर बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान दें। उन्होंने उद्यान विभाग को ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो ड्रिगेशन योजना के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। अब तक जनपद में 2000 किसानों को इस योजना का लाभ मिल चुका है जिसकी प्रमुख सचिव ने जिला उद्यान अधिकारी से लिस्ट उपलब्ध कराई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली आईडी के संबंध में जगह-जगह अभियान चलाकर कैंप लगाकर अधिक से अधिक लोगों की फैमिली आईडी रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए जिसमें अब तक जनपद में 32994 लोगों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसमें एसडीएम और डीएसओ को भी कार्य करने के निर्देश दिए। महिला बाल विकास विभाग को पोषण ट्रैक्टर के माध्यम से जो श्रेणी में विभाग की स्थिति अच्छी नहीं है उसे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक से दो तीन बच्चे चिन्हित कर उन पर फोकस किया जाए और उनमें कितना इंप्रूवमेंट होता है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए बच्चों के स्वास्थ्य में बदलाव लाना ही विभाग का मुख्य उद्देश्य है। समाज कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कितना भव्य कार्यक्रम कराए जाने के लिए उनकी प्रशंसा की।

# गांव, स्कूल में स्वच्छ साफ वातावरण होना चाहिए: प्रमुख सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने लोग निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में जो 274 परियोजनाएं 15 विभागों की संचालित है।

उनके निर्माण कर्ण की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। समय से मॉनेटरी होती रहे और जो सड़के टूट गई है उन्हें रिपेयर कराया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को साफ-सफाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा गांव, स्कूल में स्वच्छ साफ वातावरण होना चाहिए। साफ सफाई के प्रति गंभीर रहे। कर्मचारी प्रतिदिन गांव में जाकर सफाई करें और उसकी अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर फील्ड अक्सर मॉनिटरिंग करें परिवहन विभाग में C श्रेणी से जनपद ए श्रेणी में पहुंचा जिस पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार की प्रमुख सचिव जनपद नोडल अधिकारी ने प्रशंसा की की ऐसे युवा अधिकारियों के में अगर संकल्प है तो वह ग्रेडिंग ही नही जनता को भी लाभ पहुंचा सकते हैं।

उन्होंने आयुष विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीज के साथ वार्तालाप करनी चाहिए। उसके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे तो स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन बिल्कुल आएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की समझाने से मरीज को स्वास्थ्य के प्रति आराम महसूस होता है।

इसलिए जो भी कार्य विभाग करें अच्छा करें मन लगाकर करें और डिजिटल कारण में भी इसकी कार्य योजना बनाई जाए जिससे कि मरीजों को अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके और आयुष्मान को आम व्यक्ति तक पहुंचाना उसके प्रति विश्वास बनाना विभाग का नैतिक कर्तव्य होना चाहिए।

# प्रमुख सचिव बोले: प्रदेश में टॉप 10 सूची में रहता है बागपत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रमुख सचिव ने जिले की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के लाभार्थियों तक सभी सुविधाएँ समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचें और आयोजन में किसी प्रकार की अनियमितता या विलंब न हो।



इसके तहत शादी के अवसर पर मिलने वाली सरकारी सहायता और कार्यक्रमों का लाभ प्रत्यक्ष रूप से गरीब और पिछड़े वर्ग की कन्याओं तक सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव ने कानून व्यवस्था के कार्यो की भी समीक्षा बैठक की और कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। 112 की कॉल पर प्रशंसा व्यक्त की। प्रदेश में टॉप 10 सूची में बागपत रहता है। ठगी करने वालो पर कार्यवाही की जाए। ओ साइबर सेल का पोर्टल अपडेट रहना चाहिए साइबर सेल पर लगाम लगाई जाए।

# शहीद संदीप ढाका का किया सैनिक सम्मान के साथ दाह संस्कार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली निवासी 45 वर्षीय सूबेदार मेजर संदीप ढाका पुत्र जसवीर आर्मी में यूनिट 18 जाट पोस्टिंग 61 आर.आर.16 सेक्टर कुपवाड़ा (जम्मू कश्मीर) मे तैनात था जहा एक आप्रेशन के दौरान उनकी हृदय गति रूकने से मौत हो गयी थी। जब यह खबर ढिकोली गांव पहुंची तो गांव में शौक की लहर दौड़ गयी थी। वही परिजनों का रो-रो बुरा हाल था। सोमवार सुबह सैनिक का शव लेकर आर्मी के जवान पहुंचे जहा पूरे सैनिक सम्मान के साथ उनका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, रालोद नेता ओमबीर ढाका, 18 जाट बटालियन से मेजर सोनू, अकाश, धमेन्द, दिगम्बर आदि मौजूद रहे।

# सरकार से तत्काल मुआवजा और सर्वे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में प्रेस वार्ता करते हुए किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सवित मलिक ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के शामली मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर और नोएडा जैसे जिलों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण तेज हवाओं, बारिश और छिटपुट ओलावृष्टि हुई। इस प्राकृतिक आपदा से न सिर्फ पकी हुई गेहूं और सरसों की फसलें, बल्कि सब्जी और बागवानी भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सवित मलिक ने बताया कि गेहूं की बालियां बिछ गईं, दाने पतले हो गए और ओलों से पत्तियां फट गईं। सरसों में फूल-दाने झड़ गए। साथ ही टमाटर, बैंगन, मिर्च, आलू जैसी सब्जियों में फल फटने और पौधे गिरने की शिकायतें आई हैं। बागवानी में आम, अमरूद, नींबू और केले के बागों में फल गिरे और टहनियां टूट गईं-खासकर मेरठ-मुजफ्फरनगर-बुलंदशहर इलाके में नुकसान सबसे ज्यादा है। अगर मौसम ऐसा ही रहा तो कटाई से पहले गेहूं में 30-40प्रतिशत, सब्जी में 40-50प्रतिशत और बागवानी में 50प्रतिशत तक पैदावार घट सकती है।

चौधरी सवित मलिक ने केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल मांग की है कि- प्रभावित खेतों, सब्जी और बागवानी के बागों का संयुक्त सर्वे कर किसानों को 10 हजार रुपये प्रति एकड़ का तत्काल मुआवजा दिया जाए। फसल बीमा कंपनियां तुरंत क्लेम प्रक्रिया शुरू करें और सब्जी-बागवानी को भी कवर करें।

# पंचायत अध्यक्ष पद की ली हाजी मुंतजिर ने शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नगर पंचायत पर जुनैद फरीदी का नामांकन पत्र निरस्त होने पर कोर्ट के आदेश पर दूसरे नम्बर पर रहे हाजी मुंतजिर को एसडीएम खेकड़ा निकेत वर्मा नें शपथ दिलाई। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि कस्बें का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी और हर कस्बें का व्यक्ति का सम्मान होगा। नगर पंचायत आनें वाले हर नागरिक को सम्मान दिया जायेगा।

रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर रहे जुनैद फरीदी का कोर्ट के आदेश पर नामांकन पत्र और शपथ पत्र निरस्त कर दिया गया था जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर दूसरे नम्बर पर वोट पाने वाले हाजी मुंतजिर को निर्वाचन आयोग और जिला अधिकारी के निर्देश पर सोमवार सुबह एसडीएम निकेत वर्मा ने शपथ दिलाई गयी। जहा उन्होंने शपथ ली और रटौल की जनता का धन्यवाद कहा। उन्होंने लोगो को सम्बोधित करते हुए दो साल के लम्हें संघर्ष के बाद रटौल की जनता के



हित के लिए कोर्ट गये जहा रटौल की जनता की जीत हुई उन्हें कहा कि भारतीय जनता पार्टी नें उन्हें नगर पंचायत अध्यक्ष बनाया है यह कस्बा हमेशा उनका आभारी रहेगा। उन्होंने कहा रटौल का विकास तेजी से किया जायेगा और रटौल की जनता को अब परेशान नही होना पडेगा। रटौल की जनता जब उन्हें पुकारेगी वह हाजिर होगे। 24 घन्टे उनके घर का दरवाजा खुला रहेगा, एएलसी प्रशांत चौधरी नें कहा कि भाजपा द्वारा रटौल के विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ी जायगी। उन्होंने कहा आपने नेता नहीं अपने बीच के व्यक्ति को चुना है जिनसे मेईमानी के खिलाफ आवाज उठायी और अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत हासिल की शपथ के बाद हजारो समर्थक नगर अध्यक्ष को काधें पर बैठा उनके आवास तक ले गये।

# काशीराम के सिद्धांतों पर और शिक्षा पर चलने का आवाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किशनपुर बिराल में काशीराम जयंती जयपाल सिंह दरोगा की अध्यक्षता तथा अजय कुमार एडीओ के संचालन में काशीराम जयंती मनाई गई। प्रेम सिंह ने बताया हमे बहुजनों के नेता काशीराम के सिद्धांतों पर और शिक्षा चल ने का आवाहन किया। भीम आर्मी के प्रचारक रविंद ने बताया दीना भाना वाल्मीकि कि प्रेरणा से तथा उनकी दी गई। पुस्तक को पढ़कर उनमें समाज सेवा की इच्छा जाग्रत हुई अ.भा.अनुसूचित जाति यूवजन समाज तथा भीम आर्मी एवं अ.भा.वाल्मीकि नवयुवक संघ के पदाधिकारीयों ने मिलकर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष भीम आर्मी चमन सिंह ने भी संबोधित करते हुए काशीराम को सभी वर्गो का सच्चा हितेसी बताता है। कार्यक्रम में मोहित गोथरा देवेंद्र सिंह ईश्वर सिंह रामेर सिंह नरेंद्र सिंह कश्यप प्रवीण मिंटो शेखर अमित अनिल परवीन आशीष राजीव कुमार और राम मनोज कुमार राजू सिंह रामकुमार पुष्पेंद्र आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनकी श्रद्धांजलि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडियो पंचायत अजय कुमार बौहत ने कहा कि काशीराम सभी वर्गो को साथ लेकर चलने का काम किया करते थे हम सब लोगों को उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए उनकी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करना है।



# कुलाधिपति ने पीजी छात्र-छात्रओं से प्राप्त किया परिचय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में पीजी रेजिडेंट्स बैच 2025 के विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'परिचय–2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को प्रबंधन शिक्षा की रूपरेखा, शैक्षणिक गतिविधियों एवं भविष्य की संभावनाओं से परिचत कराना था। भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, फॉरेन्सिक मेडीसन डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, स्कीन बीडी के एचओडी डा. रामावतार बम्ब, मनोरोग एचओडी डा. नामित गौतम ने मां सरस्वती के सम्मुख संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कुलाधिपति किशन चौधरी ने पीजी स्टूडेंट्सों को राधे–राधे का जयकारा लगाकर सभी से उनका परिचय प्राप्त किया और उन्होंने 2016 केएम मेडीकल की स्थापना से लेकर अब तक के सफर पर विस्तार से पीजी छात्राओं को समझाया। उन्होंने कहा चिकित्सक का पेशा चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद हमारा समाज उसे सेवाभाव के लिए भगवान तुल्य मानता है। ईश्वर ने आपको यह जिम्मेदारी सौंपी है, तो आपका फर्ज बनता है कि आपके पास आने वाला मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जाए। अच्छे डाक्टर्स के साथ आप अच्छे इंसान बनकर निकलेंगे यही मुझे उम्मीद है। कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा आपका मरीज ही आपका भगवान है।

# महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट के चेंबर पर अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में सोमवार को सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट के चेंबर पर एक बैठक अधिवक्ताओं की आयोजित की गई।

जिसकी अध्यक्षता महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने की संचालन अधिवक्ता मोहित चौहान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरुक करते हुए एम्स की मांग करनी चाहिए। हम सब लोगों को जागरूक होते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश में एम्स की स्थापना किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना है और जनपद बागपत में एम्स की स्थापना करनी है। जनपद बागपत में एम्स नहीं होने के कारण लाखों लोग



दिल्ली की तरफ दौड़ लगाते हैं जिनका समय पर उपचार में होने के कारण उनकी मृत्यु भी हो जाती है। इसी को मध्य नजर रखते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बडौत-बागपत में एम्स की स्थापना होनी चाहिए। अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान नहीं होने के कारण आज हम लोग बेहद परेशानी के कगार पर चल रहे हैं। बागपत जनपद में एम्स की स्थापना होते ही यहां लाखों लोगों को उपचार मिल सकेगा। इसीलिए एम्स की स्थापना होनी चाहिए। बैठक में महामंत्री लोगों को लागू करने के लिए रवि कुमार मोहित चौहान शशि भूषण कुमार सत्यपाल पवार अरुण मलिक संजीव पवार रवि कुमार पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह एडवोकेट हिलवाड़ी हरेंद्र सिंह एडवोकेट हरवीर सिंह एडवोकेट उपाध्यक्ष विनोद मान एडवोकेट सिनोली हरिओम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## क नजर

# 7 दिवसीय नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में नागरिकों को आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं संगठित प्रतिक्रिया के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 7 दिवसीय नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबू कामता प्रसाद जैन महाविद्यालय, निकट ग्राम शाहपुर बड़ौली, दिल्ली-सहारनपुर रोड, जनपद बागपत में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च 2026 (अवकाश छोड़कर) तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का आयोजन महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी/कंट्रोलर नागरिक सुरक्षा, बागपत के निर्देशानुसार किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ उप जिलाधिकारी/उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, बागपत मनीष यादव द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 8वीं बटालियन, गाजियाबाद की 10 सदस्यीय टीम द्वारा उप निरीक्षक रमाकांत पाण्डेय के नेतृत्व में प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ अश्वनी तथा मास्टर ट्रेनर, नागरिक सुरक्षा मेरठ पुनीश कुमार भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों पर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को आपदा अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी, त्वरित एवं संगठित नागरिक प्रतिक्रिया के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा की मूल अवधारणा, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, खोज एवं बचाव तथा प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा का इतिहास, उद्देश्य एवं आवश्यकता, आधुनिक युद्ध की परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा की भूमिका तथा आपदा के समय स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत फायर साइंस एवं अग्निशमन से संबंधित विषयों पर भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें अग्नि त्रिकोण, दहन की प्रक्रिया, आग बुझाने की विधियां, आग के कारण एवं रोकथाम, फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग, ायर होज तथा अन्य अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी शामिल है। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों को आपदा के समय खोज एवं बचाव की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें ढही हुई इमारतों में खोज एवं बचाव की प्रक्रिया, क्षतिग्रस्त भवनों में प्रवेश करते समय सावधानियां, मलबा हटाने की तकनीक तथा फंसे हुए व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने के तरीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे सीपीआर, कृत्रिम श्वसन, चोट एवं रक्तस्राव की स्थिति में प्राथमिक उपचार, फ्रैक्चर, जलने की घटनाओं, स्ट्रोक एवं हार्ट अटैक की स्थिति में त्वरित सहायता तथा घायलों को सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित करने के उपायों का भी प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नागरिकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ समाज में सुरक्षा एवं सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार स्वयंसेवक भविष्य में आपदा अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन की सहायता करते हुए जन-धन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूपी सरकार के राज्य युवा पुरस्कार विजेता युवा अमन कुमार ने भी युवाओं के संग स्वयंसेवा और सामाजिक कार्यों के अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि संकट की घड़ी में समाज के लिए आगे आना ही सच्ची नागरिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कांवड़ यात्रा के लिए विकसित किए गए एप का उदाहरण देते हुए बताया कि तकनीक और सेवा भावना मिलकर समाज के लिए बड़े बदलाव ला सकती है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से अखबार पढ़ने, समाज की समस्याओं को समझने और माय भारत से जुड़कर स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने का आहवान

**सूचना**

मेरी बी.एड. की मार्कसीट सत्र 2003 जिसका अनुक्रमांक न.ई. 8053004 थी जोकि वास्तव में कही खो गई है।
अशोक पाल पुत्र विक्रम सिह नि. ग्राम सादिकपुर सिनौली तह.बडौत जिला बागपत।

# हापुड़ में नवरात्र-रामनवमी पर मेगा सुरक्षा प्लान

## संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात, व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चैत्र नवरात्र और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हापुड़ जनपद में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। पर्व के दौरान जिले में 34 शोभायात्राएं और सात मेलों के आयोजन प्रस्तावित हैं, जिन्हें देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी के साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के अनुसार, शोभायात्रा मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त, पिकेट ड्यूटी और मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है। प्रमुख मंदिरों और पंडालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है तथा भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। एंटी रोमियो स्क्वॉड को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो मेलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमण करेगा। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों, धर्मगुरुओं और आयोजकों के साथ बैठकें कर शांति बनाए रखने की अपील की गई है। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह या आपत्ति. जनक सोशल मीडिया पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्राओं के दौरान बिजली के ढीले तारों, यातायात व्यवस्था और अन्य संभावित जोखिमों की भी जांच कराई जा रही है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए



विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बल तुरंत मौके पर भेजा जाएगा, जिससे श्रद्धालु निर्भय होकर पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग ले सकें।

# न्याय की आस में भटक रही महिला, एसपी से महिला ने लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र की एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसे लंबे समय से दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था और बाद में उसके साथ गंभीर घटना घटित होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।



अब्दुल्लापुर मोडी निवासी महिला ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2015 में बुलंदशहर जनपद निवासी युवक के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे ताने दिए जाते थे। तीन पुत्रियों के जन्म के बाद उसका उत्पीड़न और बढ़ गया। महिला का आरोप है कि जनवरी 2026 में उसे परिचितों द्वारा बहाने से घर से बाहर ले जाया गया, जहां उसके साथ जबरदस्ती की गई। पीड़िता के अनुसार, घटना की जानकारी ससुराल पक्ष को देने पर भी कोई सहायता नहीं मिली, बल्कि उसे ही अपमानित किया गया।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि फरवरी 2026 में उसे बुलंदशहर कचहरी ले जाकर कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर कराए गए और बाद में उसे घर से अलग कर दिया गया। महिला का कहना है कि वह अधिक पढ़ी-लिखी नहीं है और उसे दस्तावेजों की जानकारी नहीं दी गई। पीड़िता के अनुसार, वह अपने पिता के साथ कई बार थाना हाफिजपुर गई, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। अब उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# वार्षिक क्रीड़ा समारोह में सोनम और सौरभ लोहिया बने चैम्पियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** राजकीय महाविद्यालय, सलारपुर गढ़मुक्तेश्वर में प्रथम वार्षिक क्रीड़ा समारोह एवं सांस्कृतिक एवं अलंकरण समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा.अजय कुमार के साथ-साथ आमंत्रित अतिथियों डा-सचिन कुमार हूण, योगेन्द्र कुमार, स्मिथ सिंह, रविभूषण शर्मा, गुफरान गफूरी, नुशरल अली, डा. अंजली शर्मा, डा. देवेन्द्र कुमार, सुनीता, राजेन्द्र कुमार, भारत सिंह, महावीर सिंह एवं विमलेश तथा महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। सांस्कृतिक कार्यकम के अन्तर्गत बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ विषय पर वर्णिका द्वारा भाषण, नारी पर रितिका द्वारा कविता पाठ, दीपांशी द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुति, सोनम द्वारा देशभक्ति गीत-ए मेरे वतन की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। आयोजित खेलों में सर्वाधिक प्रतिस्पर्धाओं में विजेता छात्रा बीए प्रथम की छात्रा सोनम को छात्रा चैम्पियन व बी-कॉम प्रथम के छात्र सौरभ लोहिया को छात्र चैम्पियन घोषित किया गया।

इसी तरह अखिल भारतीय स्तर पर वेसबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली महाविद्यालय की दो छात्राओं काजल एवं सोनम को विशिष्ठ खिलाडी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का



सफल संचालन डा. प्रियंका ने किया। द्वितीय सत्र में छात्र एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन करके महाविद्यालय विकास हेतु उनके सुझाव आमंत्रित किये गये तथा फीडबैक फॉर्म भरवायें गये।

आयोजित खेलों में छात्रा वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ में सोनम, जम्प में गरिमा, दो किमी पाद चाल में सोनम प्रथम रहे तो वहीं छात्र वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ व जम्प व दो किमी पाद चाल में सौरभ लोहिया प्रथम रहे। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत प्रतियोगिता में छात्र अदिति, भाषण प्रतियोगिता में वर्षिका, निबंध प्रतियोगिता में वर्षा व काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# लगातार चौथी बार अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बने सतेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर में सर्वसम्मति से लगातार चौथी बार सतेन्द्र प्रताप सिंह को डा. भीमराव अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर लोगों ने मिठाई बांटकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सोमवार को गढ़ नगर में रविदास चौक स्थित अम्बेड़कर भवन में अम्बेड़कर जयंती मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जन्मोत्सव समिति ने पिछली जयंती के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया।

जिसके बाद बैठक में मौजूद लोगों ने अम्बेड़कर जयंती धूमधाम से मनाने के लिए अपने अपने



विचार रखे। बैठक में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से लगातार चौथी बार सतेन्द्र प्रताप सिंह को अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर हरीश पुरुषोत्तम, मिलिन एड़वोकेट, सतेन्द्र सागर, जयकिशोर, बिजेन्द्र बंटी, सुहेल हैदर, राकेश मैम्बर, गुड्डू गौतम, लोकेश गौतम, राक. श बैट्री, संजीत, मनवीर, जीतू मिस्त्री, मोहित, योगेश, मोनू सागर, नीरज जाटव, नरेश वाल्मीकि, डा. ज्ञान शर्मा, वीरेन्द्र प्रधानाचार्य, रामपाल मैम्बर, जसपाल सिंह, चीनीपाल, रोशनलाल प्रिय आदि मौजूद रहे।

# स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के शाहपुर रोड स्थित डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के खिलाड़ियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह नोएडा में आयोजित टाइम्स विन अगेंस्ट कैंसर नोएडा मैराथन-26 में खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने पर आयोजित किया गया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्रबंधन ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की। अकादमी के निदेशक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि 15 मार्च को नोएडा में गुलशन एक्सपीरियंस एक्सीलेंस के संयुक्त तत्वाधान में चैरिटेबल संस्था द्वारा नोएडा मैराथन-26 का आयोजन कराया गया था। प्रतियोगिता का उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना तथा नई पीढ़ी और कैंसर से प्रभावित लोगों का समर्थन करना था। मैराथन में 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों प्रारूपों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 3 किलोमीटर दौड़ में निशांत ने 10 मिनट का समय निकालते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। वहीं संदीप सैनी ने 5 किलोमीटर रेस में 16 मिनट 14 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा जसपाल ने 10 किलोमीटर की दौड़ 33 मिनट में पूरी कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के सम्मान में विद्यालय में हुआ समारोह,इस उपलब्धि पर देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में खिलाड़ियों के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोच और खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण के कारण ही ऐसे सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि शांत मन और परिश्रमी तन हमेशा नई उपलब्धियों और अविस्मरणीय आयामों को जन्म देते हैं।इस अवसर पर एथलेटिक्स कोच गौरव त्यागी, अशोक चौधरी, सुधीर चौधरी, संजय चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# जीएस विश्वविद्यालय में खेल महोत्सव की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जीएस विश्वविद्यालय में 15 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित हो रहे भव्य खेल महोत्सव ने पूरे परिसर को खेलमय बना दिया है। विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं, जिससे मैदानों में जोश, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल दिखाई दे रहा है।



खेल महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और मशाल प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रो-चांसलर डा. अंकित शर्मा, मेडिकल डायरेक्टर डा. रूपाली शर्मा, वाइस चांसलर डा. यतीश अग्रवाल, डीन डा. प्रदीप गर्ग, डा. शरद गोयल, डा. एस. कुमार, अंकित विझ तथा डा. कुलदीप कुमार गोगिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। खेल समिति के अध्यक्ष डा. कुलदीप कुमार गोगिया ने बताया कि सरस्वती, रामा, एनसीआर, मुजफ्फरनगर सहित विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की टीमें जीएस आईसीटी 2026 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिताएं 15 से 22 मार्च तक चलेंगी और अंतिम दिन विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले आयोजित कर विजेताओं की घोषणा की जाएगी। महोत्सव में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, थ्रो बॉल, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक भी मैदानों में मौजूद रहे। शुभारंभ के साथ ही विश्वविद्यालय में उत्साह का संचार हो गया है और आने वाले दिनों में और भी कड़े व रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासन का मानना है कि यह खेल महोत्सव छात्रों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# घर के बाहर खेल रहे बच्चों के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव अनुपुर डिबाई निवासी व्यक्ति ने पड़ोसी पर घर के बाहर खेल रहे बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी खालिद ने बताया कि रविवार की शाम को उसके दो बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। तभी वहां पर पड़ोसी आया और उसके बच्चों के साथ गाली गलौज करने लगा। उसके बच्चों ने गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने दोनों बच्चों के साथ मारपीट की। बच्चे रोते हुए घर पहुंचे और मामले की जानकारी दी। बच्चों के रोने पर उसने पड़ोसी का विरोध किया तो पड़ोसी ने उसके साथ भी अभ्रदता की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**वही दूसरी ओर:-**

## खेत पर सिंचाई करने गए किसान पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव माधापुर में खेत पर फसल में सिंचाई करने के लिए गए किसान पर पड़ोसी ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का जलवा, जेएमएस स्कूल में दौड़े जीत के कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय हापुड़ द्वारा जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे दिन मैदान में रोमांचक मुकाबले होते रहे और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में साक्षी ने प्रथम, साहनी ने द्वितीय और कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कों की 100 मीटर दौड़ में सतनाम प्रथम, तनिष्क कुमार द्वितीय और हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में लड़कों में सतनाम ने पहला, नमन ने दूसरा और मनीष ने तीसरा स्थान हासिल किया, वहीं लड़कियों में साक्षी प्रथम, सुहानी द्वितीय और कनिका तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में लड़कों में विकास प्रथम, बनी द्वितीय और नमन तृतीय स्थान पर रहे, जबकि लड़कियों में दृष्टि ने पहला, खुशी ने दूसरा और वैष्णवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर में लड़कों में अर्जुन प्रथम, तुषार द्वितीय और मयंक तृतीय रहे, जबकि लड़कियों में दृष्टि प्रथम, परी शर्मा द्वितीय और वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में लड़कियों में सुहानी प्रथम, खुशी शर्मा द्वितीय और वंशिका तृतीय रहीं, जबकि लड़कों में विकास ने प्रथम, नरेश वर्मा ने द्वितीय और प्रवेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य ने विज. ेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला और पूरे परिसर में खेल भावना का माहौल बना रहा।

# भावनाएं आहत करने का आरोप, आरोपी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एक संगठन के जिला पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। प्रार्थना पत्र में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

जिला मुख्यालय पहुंचे सौरभ शर्मा ने स्वयं को संगठन का जिला अध्यक्ष बताते हुए एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उन्हें संगठन के मंडल स्तर के पदाधिका. रियों के माध्यम से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उनके परिवार के संबंध में अनुचित शब्दों का प्रयोग किया गया है।



उनका आरोप है कि ऐसी टिप्पणियों से लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं और सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ये भी मांग की गई उक्त व्यक्ति द्वारा कथित रूप से समाज में असंतोष फैलाने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता ने मामले को गंभीर बताते हुए आरोपित के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# दिव्यांगजनों को मिला सहारा, ट्राइसाइकिल व बैसाखियां वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** चंडी रोड स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में रविवार को 'नमो दिव्यांग अभियान' के तहत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और बैसाखियां वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन नमो दिव्यांग अभियान भारत एवं डिसएबल्ड हेल्पलाइन फाउंडेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय संयोजक पंडित विकास शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर विभिन्न योजनाएं चला रही हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सक्षम बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभु बंसल ने समाज के सभी वर्गों से दिव्यांगजनों की सहायता के लिए आगे आने का आहवान करते हुए कहा कि सामूहिक सहयोग से ही उन्हें समान अवसर और सम्मान मिल सकता है। इस अवसर पर विश्व प्रकाश शर्मा, अंशुल मित्तल, मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, ललित मोदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पंडित विकास शर्मा ने सभी अतिथियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



## एक नजर

### अवैध हथियारों के सौदागर गिरफ्तार, तीन पिस्टल और कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध और अवैध शस्त्रों की सप्लाई पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने गंगा एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे से अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से तीन अवैध पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में दिव्यांश पुत्र प्रवीण शर्मा निवासी ग्राम हिंडालपुर थाना पिलखुवा, विनीत उर्फ बिन्नी पुत्र अमरीश निवासी ग्राम खटकी थाना परीक्षितगढ़ जनपद मेरठ तथा नितिन पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम छिजारसी थाना पिलखुवा शामिल हैं। तीनों को गंगा एक्सप्रेसवे के पास सिम्भावली क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूमते समय पकड़ा गया। पूछताछ में मुख्य आरोपित विनीत उर्फ बिन्नी ने पुलिस को बताया कि वह मेरठ निवासी रिहान बिल्लोरी से सस्ते दामों में अवैध पिस्टल खरीदकर लाता था और उन्हें 35 से 40 हजार रुपये में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। पुलिस के मुताबिक विनीत उर्फ बिन्नी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ हापुड़ व मेरठ जनपदों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत करीब आधा दर्जन गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। बरामद हथियार .32 बोर के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जिसका इस्तेमाल हथियारों की सप्लाई में किया जाता था। पुलिस का मानना है कि आरोपित क्षेत्र में अवैध हथियारों की आपूर्ति कर अपरा. धियों को मजबूत कर रहे थे। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना सिम्भावली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपितों से नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर हुआ लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी फजर मोहम्मद ने बताया कि 14 मार्च को उसका बेटा अबुजर गांव से गढ़ नगर में सामान लेने के लिए गया था। देर शाम तक जब उसका बेटा घर वापस नहीं आया तो परिवार के लोगों को उसकी चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव हसुपुर निवासी सुमित ने बताया कि रविवार को वह किसी कार्य से गांव में स्थित अपनी दुकान पर जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी युवक ने उसको रोक लिया। आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने हमला कर उसको घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जमीन पर अवैध रूप से कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद मेरठ के गांव सौंदत निवासी मुन्नर ने बताया कि उनकी गढ़ के गांव सरुरपुर में कुछ खाली जमीन पड़ी हुई है। समय समय पर वह गांव में आकर जमीन की देखरेख करते है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व जब वह जमीन को देखने के लिए पहुंचे तो देखा कि उनकी जमीन पर गांव निवासी कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इसको देखकर उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का दो दिन पूर्व परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी बात से नाराज महिला ने स्वयं को कमरे में बंद लिया। उसके बाद उसने कमरे में जहरीली गोली खा ली। महिला द्वारा गोली खाने के बाद परिजन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर दशा को देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# सुंदर भाटी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस और अपराध शाखा गौतमबुद्धनगर की संयुक्त कार्रवाई में सुंदर भाटी गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार तड़के यमुना पुस्ता, ग्राम घरबरा के पास हुई मुठभेड़ के बाद इन्हें पकड़ा गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि शासन द्वारा चिन्हित सुंदर भाटी गिरोह के दो सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस और अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने धर्मेंद्र उर्फ डीके (निवासी कमबक्शपुर, थाना नॉलेजपार्क, गौतमबुद्धनगर) और अर्जुन



(निवासी पटपड़गंज, वाल्मीकि कॉलोनी, थाना पांडवनगर, दिल्ली) को गिरफ्तार कर लिया।

इनके पास से एक .32 बोर की अवैध पिस्टल, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस (.32 बोर) तथा एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुए हैं। बरामद खोखा कारतूस पुलिस पार्टी पर चलाए गए थे।

यह दोनों बड़े ही शातिर किस्म के बदमाश है और इस गिरोह के सक्रिय सदस्य है।दोनों पर मुकदमे भी दर्ज है। पुलिस अभी यह पता लगाने में जुटी है कि यह किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।

### अधिवक्ता भट्ट को अदालत से नहीं मिली अग्रिम जमानत

**नोएडा।** सेक्टर-70 में संचालित फर्जी 'इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में नामजद अधिवक्ता आरोपी आरिफ नासिर भट्ट को अदालत ने अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रकरण में लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। मामला थाना फेस-3 नोएडा में साल 2025 में दर्ज किया गया था। 10 अगस्त 2025 को पुलिस को सेक्टर-70 स्थित बीएस-136 में संचालित इस फर्जी ब्यूरो के बारे में सूचना मिली थी। तब पुलिस ने छह आरोपियों विभाष चंद अधिकारी, अराग्य अधिकारी, बाबूल चंद मंडल, पिंटू पाल, समापद मल और आशीष कुमार को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी फर्जी संगठन के जरिए खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसी से जुड़ा बताते थे और संस्था के नाम पर लोगों से दान और सदस्यता शुल्क के रूप में पैसा वसूलते थे।

# हीट वेव, कोल्ड वेव, एक्यूआई के कारण स्कूल में न हो प्रभावित: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के लिए प्रभावी हीट वेव एक्शन प्लान तैयार किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित लू (हीट वेव) की स्थिति से जनसामान्य को सुरक्षित रखने हेतु समन्वित एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में तापमान में लगातार वृद्धि एवं शहरीकरण के कारण हीट वेव की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे जनस्वास्थ्य, श्रमिक वर्ग, वृद्धजन, बच्चों एवं खुले में कार्य करने वाले व्यक्तियों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इसलिए जनपद स्तर पर एक सुदृढ़,



समयबद्ध एवं बहु-विभागीय हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करना अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के लिए तैयार किए जाने वाले सिटी हीट वेव एक्शन प्लान को 20 मार्च 2026 तक अंतिम रूप देकर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रेषित किया जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसमें अधिकतम तीन विषय विशेषज्ञ अथवा प्रतिष्ठित संस्थानों का चयन कर उनकी तकनीकी सहायता भी ली जा रही है। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें।

# यमुना सिटी में एक वर्ष में 24 नए उद्योग शुरू हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी में एक वर्ष में 24 नए उद्योग शुरू हुए हैं। साथ ही करीब 795 नए आवंटियों को भूखंडों पर कब्जा दिया गया है। वहीं, अब दिसंबर 2026 तक यमुना सिटी में करीब 180 से ज्यादा उद्योग शुरू करने का लक्ष्य है, जिस दिशा में कंपनियों को भूमि दी जा रही है।यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) अधिकारी ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। व्यावसायिक उड़ान के लिए एयरोड्रम लाइसेंस भी प्राप्त हो चुका है। क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होने से यहां देश विदेश के निवेशकों की रुचि बढ़ रही है।

कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनी अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए भूमि प्राप्त कर चुकी और कई के प्रस्ताव आ चुके हैं। शहर में सेक्टर-24, 28, 29, 32 व 33 औद्योगिक सेक्टर हैं। इन सेक्टरों में अबतक 3113 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हो चुका है। साथ ही अभीतक 60 औद्योगिक इकाइयों को कंप्लीशन जारी किया जा चुका है, यानी इनका निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, 33 इकाइयों में उत्पादन भी शुरू हो गया है। खास बात यह है कि ये सभी सेक्टर एयरपोर्ट के बिल्कुल नजदीक है। ऐसे में यीडा का लक्ष्य है कि एयरपोर्ट के शुरू होने से पहले अधिकतम औद्योगिक इकाइयों को उत्पादन के लिए तैयार कर लिया जाए, ताकि यमुना सिटी को एक मजबूत औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा सके।

**एक वर्ष में बढ़ी औद्योगिक गतिविधियां:** यमुना सिटी में पिछले एक वर्ष में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आई है। पहले के मुकाबले पिछले एक वर्ष में करीब तीन गुना कंपनियों में उत्पादन शुरू हुआ है, वहीं, करीब साढ़े तीन गुना से ज्यादा कंपनियों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। यीडा की सबसे बड़ी सफलता अटकी जमीन को खरीदकर लंबे समय से भूखंडों का इंतजार कर रहे आवंटियों को कब्जा देना रही है। पिछले एक वर्ष में करीब 795 आवंटियों को कब्जा दिया गया है।

**716 कंपनियों का नक्शा मंजूर:** क्षेत्र में अबतक कुल 716 कंपनियां अपनी औद्योगिक इकाइयों का नक्शा पास करा चुकी है। यीडा ने नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम के तहत ऑनलाइन कर दिया है। आवंटी घर बैठे अपना नक्शा पास करा सकते हैं, ताकि निवेशकों को समय पर निर्माण शुरू करने में सुविधा मिल सके। नक्शा पास करा चुकी करीब 50 प्रतिशत ने यूनिट का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।

**1785 निवेशकों का भूखंडों पर कब्जा:** यीडा तेजी से शहर में भूमि खरीद रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भूमि खरीद समेत विकास कार्यो पर करीब साढ़े पांच हजार करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर भी वर्षों से फंसी जमीन की राह आसान बना रहा है। औद्योगिक सेक्टरों में निवेशकों को 1785 भूखंडों पर कब्जा दे दिया गया है। जिन निवेशकों ने कब्जे के बावजूद अभी तक नक्शा पास नहीं कराया है, उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं फीडबैक की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार को निर्देशित किया कि जिन विभागों में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं, उनके संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की



रैंकिंग निर्धारित होती है। वर्तमान में जनपद की रैंकिंग प्रदेश में 20वें स्थान पर है, सभी अधिकारीगण इसमें और सुधार करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें तथा निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करें।

## कंपनी परिसर में शॉर्ट सर्किट से कबाड़ में आग लगी

**नोएडा।** फेज-2 क्षेत्र में विशेष आर्थिक जोन (एनएसईजेड) स्थित एक कंपनी परिसर के कबाड़ में रविवार रात आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकलकर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से आग को पूरी तरह से बुझाया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक एनएसईजेड में हिन्दुस्तान डाक फार्ट कंपनी परिसर है। रविवार रात करीब नौ बजे परिसर में लगे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे निकली चिंगारी पास में पड़े कबाड़ पर जा गिरी। देखते ही देखते आग भड़क गई। कबाड़ में ज्वलनशील सामग्री होने के चलते आग फैलती चली गई।

# अधिवक्ता को पीटने पर चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बिसरख थाना पुलिस पर एक अधिवक्ता को हिरासत में लेकर मारपीट करने का आरोप लगा है। पुलिस एक युवक की तलाश में उसके घर पहुंची थी, लेकिन वह नहीं मिला तो उसके अधिवक्ता भाई को ही थाने ले आई। अधिवक्ता का आरोप है कि उन्हें पूरी रात थाने में बंद रखकर पीटा गया। इस मामले में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।

यह घटना शनिवार रात की है। फेस टू क्षेत्र निवासी अधिवक्ता फरीद अहमद, जो सूरजपुर जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं, अपने घर पर परिवार के साथ थे। तभी बिसरख कोतवाली के कुछ पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे। पुलिस उनके भाई की तलाश में आई थी, जो किसी अन्य मामले में वांछित था।

अधिवक्ता फरीद अहमद का आरोप है कि जब पुलिस को उनका भाई नहीं मिला, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें जबरन घर से उठा लिया। परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिसकर्मी उन्हें पकड़कर थाने ले गए।पीड़ित अधिवक्ता के अनुसार, बिसरख कोतवाली ले जाने के बाद उन्हें पूरी रात थाने में बंद रखा गया और उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट के कारण उनके शरीर पर कई जगह चोट के निशान पड़ गए हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया।

रविवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी सहित कई अधिवक्ता बिसरख कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध हिरासत बताते हुए विरोध दर्ज कराया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ताओं के विरोध के बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। बिसरख कोतवाली में तैनात दो उपनिरीक्षक श्रीपाल गिरी, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार और दो अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत के आधार पर पूरे मामले की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

सेंट्रल जोन के एडिशनल डीसीपी आरके गौतम ने बताया कि अधिवक्ता के भाई पर मारपीट के संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज है पुलिस उसकी तलाश में उसके घर पहुंची थी। अधिवक्ता द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों की विभागीय जांच कराई जा रही है जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

## एक नजर

### पांच महीने में चौथी बार कटी महागुन मायवुड्स सोसाइटी की बिजली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने सोमवार सुबह बिजली बिल जमा न करने पर ग्रेनो वेस्ट की महागुन मायवुड्स सोसाइटी की बिजली काट दी। पांच महीने में चौथी बार सोसाइटी की बिजली काटी गई है। सोसाइटी पर करीब 72 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। आरोप है कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी बिल्डर ने बिल जमा नहीं किया। वहीं निवासियों ने आरोप लगाया है कि समय से बिल जमा करने के बाद भी कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने बताया कि 18 फरवरी 2026 को 84.33 लाख रुपये का सोसाइटी का बिल जनरेट हुआ था। इसे 28 फरवरी तक जमा करना था। जमा न करने पर 15 मार्च को कनेक्शन काट दिया जाता। लेकिन बिल्डर ने 12 से 14 मार्च के बीच13 लाख रुपये जमा किए। जबकि अब भी 71.40 लाख रुपये बकाया है। ऐसे में कार्रवाई करते हुए बिजली काट दी गई। बता दें कि कनेक्शन काटे जाने से यहां रहने वाले 5000 से अधिक परिवार प्रभावित हैं। निवासियों ने बताया कि कनेक्शन कटने से जनरेटर की महंगी बिजली इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। वहीं बिल्डर समय से पैसा जमा नहीं कर रहा, जबकि अगर निवासी मीटर रिचार्ज करने में देरी कर दें तो उसे आधे घंटे की भी मोहलत नहीं दी जाती है। इससे पहले 14 और 21 नवंबर व 15 दिसंबर को कनेक्शन काटे गए थे।

### ढाबे पर खाने के बिल के लिए मारपीट, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में खाने के बिल को लेकर हुए विवाद में ढाबे के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। घटना रेलवे रोड स्थित प्रिंस ढाबे पर हुई, जहां 8 से 10 दबंगों ने कर्मचारियों को पीटा और धमकी देकर फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, शिव वाटिका निवासी रमेश का रेलवे रोड पर प्रिंस ढाबा है। 12 मार्च की रात करीब 11 बजे कुछ लोग ढाबे से खाना पैक करवाकर जा रहे थे। उनका बिल 900 रुपए बना था।

जब कर्मचारियों ने उनसे खाने के पैसे मांगे, तो इन लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज की। कुछ ही देर में उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने लोहे की रॉड से भी हमला किया।मारपीट के बाद, दबंग कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह दबंग ढाबे के कर्मचारियों को पीट रहे हैं।

मामले की शिकायत मिलने के बाद दादरी पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### नोएडा एयरपोर्ट पर रोजगार के लिए युवाओं की भूख हड़ताल

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले प्रभावित परिवारों के युवाओं ने सोमवार को एयरपोर्ट पर स्थाई नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही कई युवा भूख हड़ताल पर बैठ गए। इनका आरोप है कि उन्हें थर्ड पार्टी कंपनी के ऑफर लेटर मिल रहे हैं, जबकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) ने अपनी सफाई में कहा कि युवाओं को नौकरी की पूरी गारंटी दी जा रही है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 14 गांवों के 335 युवा हैं। उन्होंने 2019 में पांच लाख रुपये लेने की बजाय नौकरी का विकल्प चुना था। उनका कहना है कि अब जो नौकरियां दी जा रही हैं, वे किसी थर्ड पार्टी के कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। इससे उन्हें किसी भी समय नौकरी खत्म होने का डर है, जो पुराने वादों के खिलाफ है। इसी वजह से उन्होंने पिछले वर्ष 11 सितंबर और दो दिसंबर की भर्ती प्रक्रिया का बहिष्कार भी किया था। वह लंबे समय से स्थाई नौकरी की मांग को लेकर विभिन्न विभागों और जेवर विधायक को पत्र दे रहे हैं, लेकिन उनकी मांग नहीं मानी जा रही। इसके बाद सोमवार को एयरपोर्ट साइट के बाहर गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। कई युवाओं ने स्थाई नौकरी की मांग को लेकर भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। धूप में भूख हड़ताल के चलते दो युवकों को स्वास्थ्य भी बिगड़ा। उन्हें मौके पर भी ओआरएस घोल पिलाया गया।

# नोएडा भंगेल एलिवेटेड पर बनेंगे चार लूप

**सात सेक्टर , सात सोसाइटी के एक लाख लोगों को फायदा, आईआईटी से अप्रूवल के बाद होगा टेंडर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक लाख से ज्यादा लोगों को यातायात सुविधा देने के लिए भंगेल एलिवेटेड पर 4 लूप बनाए जाने है। इनका डिजाइन तैयार किया गया है। ये डिजाइन आईआईटी दिल्ली भेजा गया है। जीएम एके आरोड़ा ने बताया कि 14 दिन के अंदर आईआईटी से अप्रूव के बाद निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। करीब 4.5 किलो मीटर लंबी एलिवेटेड को नवंबर में खोला गया था। इस पर चढ़ने और उतरने के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर



दोनों ओर दो-दो लूप बनाए जाएंगे। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टर की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा।

इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनेगा। प्राधिकरण खुद बनाएगा लूप भंगेल एलिवेटेड ब्रिज कारपोरेशन ने बनाया। एग्रीमेंट के अनुसार उसके नीचे करीब 5 किमी लंबी सड़का भी वहीं बना रहा है। जिसे तीन महीने में पूरा किया जाएगा। लूप बनाने का काम प्राधिकरण खुद करेगा। एके अरोड़ा ने बताया कि आईआईटी से अप्रूवल आने के बाद टेंडर जारी किया जाएगा। चारों लूप का निर्माण एक ही कंपनी करेगी। समय से पूरा होने पर ये काफी फायदा देगी।

**45 करोड़ आएगा खर्च:** इन लूप को बनाने में करीब 45 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके बनने से एलिवेटेड रोड की वायबिलिटी काफी बढ़ जाएगी। क्योंकि सेवन एक्स सेक्टर में अधिकांश सोसाइटी है। अभी एलिवेटेड पर चढ़ने और उतरने के लिए यहां कोई लूप नहीं है।

इसलिए एलिवेटेड की वायबलिटी कम है। बनने से इस पर यातायात लोड बढ़ेगा। इसका असर एक्सप्रेस वे पर दिखेगा। वहां यातायात कम होगा।

# नवरात्र से पहले बदलेगा मौसम, तीन दिन बारिश की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बदलने के संकेत मिल रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार फिलहाल अगले तीन दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन इसके बाद बादल छाने और बारिश होने के आसार बन रहे हैं।

नोएडा में सोमवार धूप खिली रही, अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 19 मार्च से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसी दिन से चौत्र नवरात्र की शुरुआत भी हो रही है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन यानी 17-18 मार्च को आसमान में बादल मंडराते रह सकते हैं। जिससे तापमान में गिरावट के साथ गर्मी से कुछ राहत के आसार हैं।

**कब-कब होगी बारिश?:** पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। 19 और 20 मार्च को आसमान में बादल छाने के साथ बारिश होने के आसार हैं।

**पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा मौसम:** वहीं 21 मार्च को भी आंशिक बादल और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह बदलाव देखने को मिल सकता है। बारिश होने से मौसम में हल्की ठंडक लौट सकती है, जबकि दिन के समय तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक बना रह सकता है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण शुरू

**नोएडा।** जिला अस्पताल में सोमवार से किशोरियों (14 से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र) को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाना शुरू हो गया। यह टीका प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक लगाया जाएगा। मार्च अंतिम सप्ताह या अप्रैल से आठ अन्य चिकित्सकीय संस्थानों में यह सेवा शुरू होगी। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने सेक्टर-39 नोएडा से एचपीवी वैक्सीन अभियान का उद्घाटन किया। जिला अस्पताल के अलावा छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिम्स और बाल चिकित्सालय में भी टीकाकरण शुरू किया जाएगा। जिले में 21,193 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा।

# वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का ग्रेनो में कैंपस इसी साल होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का पहला कैंपस इसी साल ग्रेटर नोएडा में शुरू होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परिसर स्थित टावर टू में तीन मंजिल (6, 7 व 8वें तल) पर कैंपस बनने जा रहा है। यूनिवर्सिटी की प्रॉपर्टी एंड कमर्शियल ऑफिसर मैरियन जॉन्स व अन्य प्रतिनिधियों की तरफ से शीघ्र ही कार्य शुरू करने के संकेत दिए गए हैं। सोमवार को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने नोएडा के सेक्टर 16बी स्थित मैक्स टावर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को परफॉरमेंस गारंटी दस्तावेज सौंपे। प्राधिकरण के इस कदम से ग्रेटर नोएडा को ग्लोबल एजुकेशन और इनोवेशन हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी और



उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल संस्थानों के लिए एक लीडिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को और मजबूती भी मिलेगी। सीईओ एनजी रवि कुमार के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा में इस कैंपस को जल्द शुरू करने के लिए प्राधिकरण की तरफ से हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान यूनिवर्सिटी की प्रॉपर्टी एंड कमर्शियल ऑफिसर मैरियन जॉन्स के अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक अजित भाई पटेल आदि मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों ने बताया कि यह कैंपस सस्टेनेबिलिटी, वॉटर मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस इनोवेशन जैसे फील्ड में ग्लोबल टीचिंग, रिसर्च और इंडस्ट्री से जुड़े अध्ययन को मजबूती प्रदान करेगा। इस कैंपस के पहले चरण में बिजनेस एनालिटिक्स, मार्केटिंग, डेटा साइंस, सस्टेनेबल वॉटर फ्यूचर्स और एग्रीकल्चर में प्रोग्राम में शिक्षा प्रदान करने की योजना है।

# आईजीएल कर्मचारी बनकर बुजुर्ग महिला से साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बुजुर्ग महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई हैं। साइबर ठगों ने गैस कनेक्शन काटने की धमकी देकर उनके बैंक खाते से 11 बार में करीब 21 लाख रुपये निकाल लिए। यह रकम 11 अलग-अलग ट्रांजैक्शन में निकाली गई।

पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाली गुजीब कालरा के मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आईजीएल गैस कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने महिला को बताया कि उनका गैस बिल बकाया है और यदि तुरंत भुगतान नहीं किया गया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। देश में गैस सिलेंडर की किल्लत का हवाला देकर उसने महिला को डराया, जिससे महिला ने उस पर भरोसा कर लिया।

आरोपी ने महिला को एक लिंक भेजा और तत्काल बिल का भुगतान करने को कहा। महिला ने लिंक खोलकर उसमें बैंक खाते से संबंधित जानकारी भर दी। इस तरह साइबर ठगों को महिला के बैंक खाते की सारी जानकारी मिल गई। उन्होंने तुरंत गुजीब कालरा के खाते से अलग-अलग 11 ट्रांजैक्शन में कुल 21 लाख रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद महिला को बैंक से पैसे कटने के लगातार मैसेज आने लगे, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

ठगी का पता चलते ही गुजीब कालरा ने तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन और स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। साइबर पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email :

parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डिजिटल जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण शुरू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में डिजिटल जनगणना 2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का शुभारंभ एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के महत्व और इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री सचिन विकल, श्री शिव कुमार भारती और श्री रंजीत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की अवधारणाओं, जनगणना अधिनियम, प्रगणक क्षेत्र, मकान सूचीकरण प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल जनगणना की कार्यप्रणाली, डेटा संग्रह के तरीकों और सुरक्षा मानकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रथम दिवस के सत्र में फील्ड ट्रेनिंग से जुड़े विभिन्न आयामों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इस प्रक्रिया से फील्ड ट्रेनर्स को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यशैली की समझ विकसित करने में मदद मिली। सत्र का मुख्य उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को सक्षम बनाना है, ताकि वे आगामी दिनों में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को डिजिटल जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की सभी प्रक्रियाओं में दक्षता प्राप्त होगी और यह सुनिश्चित करेगा कि जनगणना 2027 सफलतापूर्वक संपन्न हो। एसडीएम हामिद हुसैन ने फील्ड ट्रेनर्स से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई जानकारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रगणकों और पर्यवेक्षकों तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि सही और सटीक डेटा संग्रह देश की जनसंख्या और संसाधन योजना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को आगामी दिवसों में होने वाले क्रियाकलापों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। सभी फील्ड ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी दिखाई और सवाल-जवाब सत्र में अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र से डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारियों को मजबूती मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि फील्ड टीम देशभर में प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से कार्य कर सके।

## बीच-बचाव करने पहुंची महिला को लात-घूंसों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे उसका नाबालिग बेटा सुबहान गली में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर गांव के सालिम पुत्र बाबू और अरशद पुत्र हाशिम मौके पर पहुंच गए और उसके आठ वर्षीय बेटे के साथ मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि जब वह अपने बेटे को बचाने के लिए मौके पर पहुंची और बीच-बचाव करने लगी तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ भी लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सालिम ने चप्पल से उसके सिर पर वार किया और दोनों ने उसे पकड़कर घसीट दिया, जिससे उसके कपड़े फट गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मारपीट करते रहे।

## प्लॉट के बैनामे में धोखाधड़ी का आरोप, विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** प्लॉट के बैनामे में कथित रूप से रास्ता बढ़ाकर धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कैराना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) शामली की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

ग्राम खन्द्रावली निवासी फारूख पुत्र मुकरिम ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पिता मुकरिम पुत्र असगर अली ने वर्ष 2009 में कैराना क्षेत्र के खसरा नंबर 6400 में स्थित करीब 153.14 वर्ग मीटर का एक प्लॉट खरीदा था। पिता की मृत्यु के बाद चार जनवरी 2020 को उक्त प्लॉट मोहल्ला आलदरम्यान कैराना निवासी साईना पत्नी सगीर को चार लाख रुपये में बेच दिया गया था।आरोप है कि बैनामे के दौरान साईना ने अपने पुत्र नसीर के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते हुए पश्चिम दिशा में 20 फुट चौड़े रास्ते के अलावा दक्षिण दिशा में भी 15 फुट चौड़ा रास्ता दर्ज करा दिया, जबकि विक्रेता पक्ष को इसकी जानकारी नहीं थी। बाद में जब पीड़ित को इसकी जानकारी हुई और उसने बैनामे में संशोधन कराने की बात कही,तो आरोपी पक्ष लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़ित का आरोप है कि 25 सितंबर 2025 को कैराना तहसील में इस मामले को लेकर बातचीत के दौरान आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही दोबारा बैनामे में संशोधन की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। फारूक का कहना है कि उसने घटना की शिकायत थाना कैराना पुलिस समेत पुलिस अधीक्षक, जिला. धिकारी और उपजिलाधिकारी से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कैराना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नाले की सफाई के बाद सड़क पर फैली गंदगी

### बदबू व दुर्गंध से जनता हुई परेशान, मांगी निजात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में ऊन रोड से होशंगपुर रोड तक स्थित नहरवाई नाले की सफाई के दौरान निकाली गई गंदगी और सिल्ट सड़क किनारे ही डाल दी गई, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर कई दिनों से परेशान हैं। सड़क पर फैली गंदगी के कारण पैदल चलने वाले लोगों और वाहन चालकों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने-जाने वाले मरीज और उनके परिजन भी गुजरते हैं। सड़क पर जमा सिल्ट के कारण रास्ता संकरा हो गया है और बदबू फैल रही है, जिससे आमजन असुविधा झेल रहे हैं। राहग. ीरों को गंदगी से बचते हुए चलना पड़ रहा है और कई वाहन चालकों को अपने वाहनों को धीमी गति से चलाना पड़ रहा है, ताकि किसी तरह का हादसा न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले की सफाई का काम किया गया, लेकिन सफाई के बाद निकाली गई सिल्ट को हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते सड़क पर न केवल गंदगी फैली हुई है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी खतरनाक स्थिति पैदा कर रही है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष तौर पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने नगर पंचायत से मांग की है कि निकाली गई गंदगी और सिल्ट को सड़क से तुरंत हटवाया जाए और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो राहगीरों और वाहनों के लिए समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा स्थानीय लोग नगर पंचायत से यह भी अनुरोध कर रहे हैं कि भविष्य में नाले की सफाई के दौरान गंदगी को सड़क पर न फेंका जाए और उसे तुरंत हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर पंचायत प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस समस्या का जल्द समाधान करे ताकि आमजन को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके और सड़क मार्ग सुरक्षित और साफ-सुथरा बना रहे। स्थानीय लोग लगातार नगर पंचायत से कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के दुरुस्ती की दिशा में कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## दिनदहाड़े घर के बाहर से रहड़ा चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए दो युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मोलानान में घर के बाहर खड़ा एक रेहड़ा चोरो ने चोरी कर लिया।घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो अज्ञात युवक रेहड़ा ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।नगर के मोहल्ला मोलानान निवासी आसिफ पुत्र सागीर ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता हैं। रविवार दोपहर वह किराये पर रेहड़ा लेकर घर पहुंचा और उसे घर के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद जब वह बाहर आए तो रेहड़ा गायब मिला।आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर दो युवक उसका रेहड़ा ले जाते हुए दिखाई दिए।पीड़ित ने पुलिस से रेहड़ा बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही का खुलासा किया जाएगा।

# वीवीपीजी कॉलेज में युवा प्रतिभा सप्ताह का शुभारंभ

### कविता पाठ व गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के वीवीपीजी कॉलेज में सोमवार को युवा प्रतिभा सप्ताह 2025-26 का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। यह कार्यक्रम 16 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन हिंदी विभाग की ओर से कविता पाठ एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. नीना छोकरा, कुणाल सिंह और रिचा भारद्वाज मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई, जिसके बाद प्रतियोगिताओं का सिलसिला प्रारंभ हुआ। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. बबली रानी ने युवा प्रतिभा सप्ताह 2025-26 के उद्देश्य और कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सभी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का माध्यम बनती हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेना भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि युवा प्रतिभा सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कविता पाठ, संगीत, गायन और अन्य रचनात्मक गति. विधियों में भाग लेते हैं तो उनका आत्मबिश्वास बढ़ता है और उनका व्यक्तित्व निखरता है। प्रतियोगिताओं के परिणामों में कविता पाठ प्रतियोगिता में शिवम भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गिनीसा द्वितीय तथा मोनिका वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं गायन प्रतियोगिता में आशुतोष गौड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पूजा द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान पर शिवम भारद्वाज और जिया टांक संयुक्त रूप से रहे। इस अवसर पर हिंदी विभाग के गिरीश नारायण यादव, डॉ. छवि, डॉ. जविंदर तोमर, निर्भय सिंह, डॉ. मुक. ेश कनौजिया और डॉ. अनुप्रीता सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

# सामूहिक विवाह योजना के 82 जोड़ों का विवाह संपंन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद शामली में सोमवार को आर.के. फार्म, ऊन में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विकासखंड ऊन के 72, नगर पंचायत गढ़ी पुख्ता के 4, नगर पंचायत ऊन के 2 तथा नगर पंचायत झिंझाना के 4 सहित कुल 82 जोड़ों का विवाह एवं निकाह पूर्ण विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य मोहित बेनीवाल तथा ब्लॉक प्रमुख ऊन रामपाल सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रेमचंद और जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतू रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला प्रशासन की ओर से अतिथियों का स्मृति चिन्ह, बुके और शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मो. हित बेनीवाल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय और समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर अब प्रति जोड़ा एक लाख रुपये कर दिया गया है। इसमें से 60 हजार रुपये की धनराशि कन्या के बैंक खाते में सीधे समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये की राशि से सरकार द्वारा निर्धारित वैवाहिक उपहार सामग्री जैसे चांदी की पायल, बिछिया, वस्त्र आदि प्रदान किए जाते हैं। वहीं शेष 15 हजार रुपये की राशि विवाह स्थल, टेंट, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च की जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के खर्च से राहत प्रदान करना और समाज में समानता व भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन द्वारा समाज के जरूरतमंद और पात्र लोगों तक ही योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों की बायोमैट्रिक और फेसियल उपस्थिति के बाद ही विवाह या निकाह संपन्न कराया जा रहा है।

## बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद शामली में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेगा जॉब फेयर 17 मार्च, मंगलवार को सिटी ग्रीन्स, दिल्ली रोड, शामली में आयोजित होगा। रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिले तथा आसपास के क्षेत्रों के युवा बड़ी संख्या में भाग ले सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में देश और प्रदेश की लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों में करीब 7000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। मेले में आठवीं पास से लेकर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए, बी-टेक, बी-फार्मा, डी-फार्मा और फैशन डिजाइनिंग जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में फार्मा, स्वास्थ्य, मार्केटिंग, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण कार्य, सर्विस सेक्टर और सिक्योरिटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मिलेंगे। इस मेले में टाटा मोटर्स, एमआरएफ टायर, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, विवो, लावा मोबाइल्स, डिक्सन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेके टायर, एलआईसी, पुखराज हेल्थकेयर, युवा शक्ति फाउंडेशन, एसआईएस सहित कई प्रमुख कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार नामदेव ने बताया कि रोजगार मेला सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने साथ 10 बायोडाटा, आधार कार्ड, फोटो तथा शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर मेले में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला पूरी तरह निःशुल्क है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है।

## झिंझाना में महिला से छेड़छाड़ व पीछा करने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव की एक विवाहित महिला ने एक युवक पर उसके पीछा करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, महिला किसी काम से झिंझाना जा रही थी, तभी आरोपी युवक ने उसका घर से ही पीछा करना शुरू कर दिया। झिंझाना पहुंचने पर आरोपी ने पीड़िता को एक पर्ची दी, जिस पर उसने अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखा और दोस्ती करने का दबाव बनाया। जब महिला ने ऐसा करने से इनकार किया, तो आरोपी ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने मौके पर शोर मचाया, जिससे आसपास की भीड़ इकठा हो गई। इस अवसर का फायदा उठाकर आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने पहले भी थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन मामले में कार्रवाई के लिए न्यायालय के आदेश की आवश्यकता पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। मामले में पीड़िता और ग्रामीणों ने आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति प्रशासन की सक्रियता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, 11 के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला इदरीश बैग बिहार निवासी एक विधवा महिला ने अपनी बेटी के साथ मारपीट व अतिरिक्त दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पीड़ित महिला ने बताया कि उसने अपनी बेटी इकरा की शादी 22 मई 2025 को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी नदीम पुत्र यामीन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च कर सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान दिया गया था।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे । मांग पूरी नही होने पर पति नदीम व अन्य परिजनों ने इकरा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। विवाहिता ने मामले की सूचना अपने परिजनों को दी।परिजनों ने घायल को पहले कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर करनाल रेफर कर दिया गया। बाद में उसे दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित विधवा महिला की तहरीर पर नदीम, यामीन, आसमा, नावेद, सबिया, सबा, सुल्ताना, आसिफ, रिजवाना, सहजाद, रेनू व फिरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्दी जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हेलमेट न होने पर व्यापारी का काटा चालान, शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में हेलमेट न पहनने पर एक व्यापारी का चालान काटे जाने के बाद व्यापारियों ने रोष प्रकट किया। व्यापारी ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि बिना सही जानकारी के चालान काटकर व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। साथ ही चालान में दर्शाई गई लोकेशन और समय को भी गलत बताया गया है। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराते हुए संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा निवासी तरुण सैनी ने रेलवे मार्ग स्थित माता मंदिर के निकट बालाजी खाद बीज भंडार के नाम से दुकान कर रखी है। व्यापारी क्षेत्र के



किसानों सहित खाद-बीज आसपास के छोटे दुकानदारों को थोक में सप्लाई करने का काम करता है। व्यापारी का आरोप है कि सोमवार सुबह वह अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक पुलिसकर्मी ने उसे रोक लिया और उसकी बाइक की फोटो खींचकर हेलमेट न पहनने का हवाला देते हुए चालान कर दिया।व्यापारी का कहना है कि कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर चालान का मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें चालान की लोकेशन शामली दर्शाई गई थी, जबकि घटना कांधला क्षेत्र की है।

इसके अलावा चालान का समय भी लगभग दोपहर तीन बजे का दर्ज किया गया, जबकि उस समय वह अपनी दुकान पर मौजूद था। इसको लेकर व्यापारी ने चालान प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे गलत बताया। मामले को लेकर पीड़ित व्यापारी कस्बे के अन्य व्यापारियों अमित गर्ग, कन्हैया चावला, सेठपाल और रामबीर सहित थाने पहुंचा और थाना प्रभारी से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी। व्यापारियों ने चालान की जांच कर निस्तारण करने की मांग की। साथ ही तरुण सैनी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराते हुए दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अन्य व्यापारियों का कहना है कि पुलिस द्वारा आए दिन चालान काटे जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका कहना है कि कस्बे में व्यापार करने के लिए उन्हें दिनभर बाइक से ही इधर-उधर आना-जाना पड़ता है, लेकिन पुलिस बिना उचित जांच के चालान कर रही है। व्यापारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# लेखपाल को धमकी व मानसिक उत्पीड़न करने की हुई निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील कैराना में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की आपात बैठक आयोजित कर ग्राम पांवटीकलां निवासी युवक पर लेखपाल को धमकी देने और मान. सिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। संघ पदाधिकारियों ने मामले की निंदा करते हुए प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को तहसील कैराना में आयोजित बैठक में लेखपाल लवक. ेश की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गई।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि ग्राम पांवटीकलां निवासी अमित कुमार पुत्र रकम सिंह ने उनके खिलाफ झूठी शिकायत कराई है और बैनामा हस्तांतरण रिपोर्ट को नियम विरुद्ध बदलवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने आरोपों को गंभीर बताते हुए इसकी घोर निंदा की और कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। संघ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज को पत्र भेजकर मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अमित कुमार के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक में तहसील कैराना लेखपाल संघ की अध्यक्ष पूजा खैवाल, सचिव प्रदीप कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत पंवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष छाया चौधरी, सह सचिव शुभम सरोहा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सूचना
शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सुनील वर्मा
(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 8630354443
कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# देश में बढ़ती रसोई गैस की कीमत के खिलाफ समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन

## सरधना विधायक अतुल प्रधान ने संभाली कमान, कहा सरकार हर मोर्चे पर फेल








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश में रसोई गैस की कीमत को देखते हुए मेरठ में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपा।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं की भीड़ को सरधना विधायक अतुल प्रधान ने संभाला और ज्ञापन देते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। केंद्र सरकार की विदेश नीति ने आज पूरे विश्व में भारत को कमजोर किया है, अगर विदेश नीति मजबूत होती तो देश में किसी तरह की कोई किल्लत ना होती। आज देश की जनता लाइनों में खड़ी है वही जनता कुछ दिन पहले ऑक्सीजन की लाइन में थी तो वहीं बैंकों की लाइन में भी जनता को लगवाया गया है। अतुल प्रधान ने कहा कि आज देश जिस विपत्ति से गुजर रहा है उसके जिम्मेदार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वहीं उत्तर प्रदेश की सरकार भी गैस वितरण प्रणाली में नाकाम काम साबित हो रही है। मेरठ जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि गैस वितरण की व्यवस्था जिला प्रशासन को करनी चाहिए। जनता गैस की लाइनों में खड़ी है जबकि ब्लैक से अंधाधुंध गैस बिक रही है। गैस एजेंसीया आपदा में भी अवसर तलाश रही हैं जो कि बेहद गंभीर मामला है, इस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं में काफी जोश दिखाई दिया। वहीं सपा नेता व मेरठ कैंट से पूर्व प्रत्याशी अमित शर्मा ने भी गैस की किल्लत पर प्रदेश सरकार को घेरा और सरकार से जनता को जल्द से जल्द गैस मुहैया कराने की मांग की। इस दौरान पूर्व मंत्री मोहम्मद अब्बास, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

# एक्टर अभि रिजवी एल्बम रांझना में लीड रोल में आए नजर

- 19 मार्च को मेरठ पहुंचेंगे अभि रिजवी
- परिवार के साथ मनाएंगे ईद का त्यौहार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी एक्टर व मॉडल अभि रिजवी हर दिन एक नया मुकाम हासिल कर अपने गांव के साथ साथ जनपद मेरठ का भी नाम रोशन कर रहे है।

वह बीते दिनों बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के अलावा भी कई मशहूर एक्टरों के साथ भी काम कर चुके हैं। हाल ही में वह देसी तड़का के म्यूजिक वीडियो रांझना में लीड में अनुपमा प्रकाश के साथ नजर गाने में दिखाई दिए जो यू ट्यूब पर 3 मिलियन ओर इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन विव के साथ देखा गया है आपको बता दे कि ये एक सैड सॉन्ग है और ये राजस्थान के जैसलमेर में शूट किया गया है। वहीं अभि रिजवी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उन्हें लोगों का खासकर मेरठ के लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है उन्होंने बताया कि अगले महीने टी सीरीज पर उनके दो गाने ओर आयेंगे जो बैंकॉक में शूट किए गए हैं। आपको बता दे कि अभि रिजवी लावड़ क्षेत्र के जलालपुर गांव के चर्चित चेहरे हैं पूर्व में वेब सीरीज में भी नजर आ चुके है उनकी रनिंग वर्टिकल वेब हम फिर मिले, वर्टिकल टीवी पर रिलीज है। साथ ही बहुत से प्रोजेक्ट भी जल्द ही आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह 19 मार्च को मेरठ पहुंचेंगे और इस बार ईद का त्यौहार अपने गांव में परिवार और दोस्तों के साथ ही मनाएंगे।

# रमजान के आखिरी अशरे की अहमियत पर डाली रोशनी डाली

- देश और दुनिया में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और इंसानियत की भलाई के लिए की गई दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** जमीअत उलेमा जिला मेरठ के नायब सदर तथा परीक्षितगढ़ नगर में स्थित मुस्तफाई मस्जिद के इमाम, कारी मुहम्मद वासिफ वाजिदी साहब ने रमजान के आखिरी अशरे की अहमियत और उसकी फजीलत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमजान का आखिरी अशरा बेहद बरकतों और रहमतों वाला होता है। इसी अशरे में शब-ए-कद्र जैसी अजीम रात आती है, जिसके बारे में कुरआन शरीफ में बताया गया है कि यह रात हजार महीनों से बेहतर है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि इन दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत, नमाज, कुरआन की तिलावत, जिक्र व अजकार और दुआओं का एहतमाम करें कारी मुहम्मद वासिफ वाजिदी साहब ने कहा कि रमजान का महीना इंसान को सब्र, तकवा और नेकी की राह पर चलना सिखाता है। खास तौर पर आखिरी अशरे में अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास रहमतें नाजिल करता है और बंदों की तौबा व दुआओं को कुबूल फरमाता है। उन्होंने कहा कि इन दिनों में इबादत करने से गुनाह माफ होते हैं, दिल को सुकून मिलता है और इंसान के अंदर अच्छाई व परहेजगारी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि रमजान के आखिरी अशरे में एतिकाफ, सदका-खैरात और जरूरतमंदों की मदद करने का भी खास सवाब मिलता है। इस दौरान की गई इबादत इंसान की जिंदगी में बरकत लाती है और अल्लाह की रहमत का जरिया बनती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन मुबारक दिनों में ज्यादा से ज्यादा नेक काम करें और समाज में भाईचारे व मोहब्बत को बढ़ावा दें।

उन्होंने ईद-उल-फितर के ताल्लुक से कहा कि यह त्योहार रोजों और इबादतों के बाद मिलने वाली खुशी और अल्लाह का शुक्र अदा करने का दिन होता है। ईद हमें आपसी मोहब्बत, भाईचारे और इंसा. नियत का पैगाम देती है। उन्होंने कहा कि ईद से पहले सदका-ए-फितर अदा करना जरूरी है, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में बराबर के शरीक हो सकें और समाज में बराबरी और हमदर्दी का माहौल कायम रहे।

कार्यक्रम के आखिर में देश और दुनिया में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और इंसानियत की भलाई के लिए खास दुआ की गई। अल्लाह तआला पूरी दुनिया में शांति कायम करे, लोगों के दिलों में मोहब्बत पैदा करे और इंसानियत को हर तरह की मुसीबतों और परेशानियों से महफूज रखे।

# शोकसभा में पहुंचे राकेश टिकैत ने शुरू की नई परंपरा

## घर की बड़ी पुत्रवधू को घर की चाबी और दराती सौंपकर दी परिवार की जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर सकिस्त में किसान नेता उदयवीर सिंह की माता विमला देवी की तेरहवीं में पहुंचे भाकियू टिकैत राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने समाज में एक नई परंपरा को शुरू किया है। जिसमें उन्होंने घर की बड़ी पुत्रवधू को घर की जिम्मेदारी देकर इस नई परंपरा की शुरुआत की है।

शोकसभा में बोलते हुए भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हमारे समाज में यदि किसी परिवार का मुखिया किसी कारणवंश मर जाता है तो उसकी तेरहवीं के उपरांत समाज की ओर से उसके बड़े बेटे को पगड़ी की रस्म कर परिवार की जिम्मेदारी दी जाती है लेकिन यदि घर की कोई बुजुर्ग महिला मर जाती है तो उसकी बड़ी बहू को पगड़ी बाधंने की कोई रस्म हमारे समाज में नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को घर की महिला मुखिया के मरने के बाद परिवार की बड़ी बहू को घर के मुखिया की जिम्मेदारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय तेजी से बदल रहा है और आज के दौर में महिलाओं और पुरुषों में कोई भेदभाव नहीं है। पुरुषों के साथ महिलाएं सभी क्षेत्र में क्षेत्र में बराबरी कर रही हैं इसलिए हमें एक नई परंपरा शुरू करनी चाहिए। जिसमें घर की बुजुर्ग महिला की मौत के बाद घर की बड़ी बहू को परिवार की जिम्मेदारी समाज की ओर से देनी चाहिए। ताकि वह अपने परिवार की घर के मुखिया की तरह जिम्मेदारी उठा सके। उन्होंने कहा कि घर की महिला मुखिया के मरने के बाद घर के पुरुष अकसर बाहर रहते हैं जिससे घर में हमेशा छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होते रहते हैं। इन सभी बातों को देखते हुए हम सभी को नहीं परंपरा डालनी होगी और घर की महिला मुखिया की जिम्मेदारी उसकी बड़ी बहू को देनी होगी। शोकसभा में मौजूद सैकड़ों लोगों ने चौधरी राकेश टिकैत की इस बात का समर्थन करते हुए उनसे कहा कि वह सभी उनकी इस राय से सहमत हैं। और उन्होंने राकेश टिकैत से आग्रह किया कि हमें आज ही इस परंपरा को शुरू कर देना चाहिए। समाज के लोगों के द्वारा समर्थन मिलने के बाद चौधरी राकेश टिकैत ने विमला देवी के बड़े पुत्र सुधीर कुमार की पत्नी और घर की बड़ी पुत्रवधू सुनीता राठी को घर की जिम्मेदारी देते हुए उन्हें शोक सभा में आई बुजुर्ग महिलाओं से घर की एक चाबी और किसान परिवार की महिला होने के नाते उन्हें एक दराती भी दिलाई। शोकसभा में मौजूद महिलाओं ने इस परंपरा का स्वागत करते हुए कहा कि चौधरी राकेश टिकैत ने पहली मर्तबा समाज की महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। इसके लिए वह राकेश टिकट की हमेशा आभारी रहेगी। किसान नेता उदयवीर सिंह की माता विमला देवी की तेहरवीं में आये सभी लोगों ने चौधरी राकेश टिकैत को भरोसा दिलाया कि भविष्य में यहां पर मौजूद सभी लोग घर की बड़ी महिलाओं को आगे से भी इसी तरह घर की जिम्मेदारी सौंप जाएगी। शोकसभा में भाजपा, सपा बसपा के अलावा कई किसान नेता भी चौधरी उदयवीर सिंह की माता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

# पीएम आवास योजना की पहली किश्त से खिले चेहरे

## कस्बा किठौर के 1036 लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत सोमवार को कस्बा किठौर के 1036 पात्र लाभार्थियों के खातों में एक लाख रुपये की पहली किस्त की राशि ट्रांसफर कर दी गई। किस्त की राशि मिलते ही लाभार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई और वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहे गरीब व जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के साथ सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है।

नगर पंचायत किठौर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए नगर पंचायत चेयरपर्सन के पति और चेयरमैन प्रति. निधि सलमान मुनकाद लगातार प्रयासरत रहे। उनके अथक प्रयासों और अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय के चलते लंबे समय से प्रक्रिया में अटकी फाइलों को गति मिली और पात्र लाभार्थियों के खातों में पहली किस्त की राशि पहुंच सकी। बताया जा रहा है कि कस्बे के सैकड़ों परिवार काफी समय से पहली किस्त का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को जैसे ही उनके खातों में राशि पहुंची, लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लाभार्थियों ने कहा कि अब उनका वर्षों पुराना पक्के घर का सपना साकार होने की दिशा में आगे बढ़ गया है। पहली किस्त मिलने के बाद लोगों ने अपने आवास निर्माण की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

स्थानीय लोगों और लाभार्थियों ने सलमान मुनकाद के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। उनका कहना है कि उनके प्रयासों से ही गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इस संबंध में सलमान मुनकाद ने बताया कि कस्बे के अधिक से अधिक पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना की दूसरी सूची पर भी तेजी से काम चल रहा है और जल्द ही अन्य पात्र लाभार्थियों के खातों में भी पहली किस्त की राशि पहुंचाई जाएगी, ताकि वे भी अपने पक्के घर का सपना पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनकी प्राथमिकता है।

### पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले में 350 पशुओं को मिला उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** पशुपालन विभाग तथा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों के संयुक्त तत्वावधान में रजपुरा ब्लॉक के ग्राम अम्हेड़ा आदिपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन कुलपति डा. के.के. सिंह एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. संदीप कुमार शर्मा ने किया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतवीर त्यागी और ब्लॉक प्रमुख कौशल चौहान के साथ मंडल अध्यक्ष मोनू कुनकुरा व जिला मिडिया प्रभारी विनोद गौड़, दिनेश चौधरी ने गौ पूजन कर किया एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि की उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, पोषण, और प्रजनन संबंधी जानकारी सुलभ होती है, जिससे पशुधन की उत्पादकता बढ़ती है और किसानों की आय में वृद्धि होती है। डॉ. महिमा ने बताया कि इस प्रकार के मेलों से पशुपालकों को अत्याधुनिक पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान होती हैं।

# भोला झाल पर मारपीट की वीडियो हुई वायरल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के भोला झाल पर एक युवक के साथ मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल हुई जिसमें दो युवक एक युवक की लाठी डंडों से पिटाई कर रहे हैं। वहीं वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल में जुट गई। सूत्रों के मुताबिक गौरव पुत्र अमर सिंह व नितिन पुत्र मुकेश, अमन पुत्र मोनी तीनों युवक मेरठ के थाना ब्रह्मपुर के रहने वाले है और भोला झाल पर नहाने आए थे। गौरव, नितिन व अमन नहाने के लिए भोले की झाल पर पहुंचे। जहां पर बैठकर शराब पी उसके बाद आपस में झगड़ा हो गया और आपस में लाठी डंडे चलने लगे जिसमें एक युवक की डंडों से पिटाई की जिसमें वहां पर खड़े कुछ व्यक्तियों ने तीनों की वीडियो बना ली और सोशल मीडिया पर डाल दी। वीडियों तेजी से वायरल हो गई। वीडियो वायरल होते ही जानी थाना पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल में जुट गई।

# प्रशांत अहलावत को भाजपा ने बनाया नामित सभासद

- नगर पंचायत दौराला को मिला एक और मेंबर



**दौराला।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पंचायत दौराला से दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला द्वारा भेजे गए नाम को पार्टी संगठन वरिष्ठ नेतृत्व ने आशीर्वाद दिया और दौराला मंडल के नवनियुक्त नामित सभासद बने प्रशांत अहलावत पुत्र धर्मेंद्र अहलावत, संजय नामदेव, धीरेंद्र राकेश भारद्वाज तीनों सभासदों को हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई प्रदेश नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष हरवीर पाल, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, अमित मोहन गुप्ता, पूर्व भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी का आभार प्रकट किया।

### 24 मार्च को आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में होगी चाय कैंटीन की नीलामी: अपर आयुक्त

**मेरठ।** अपर आयुक्त अम्बरीष कुमार बिन्द ने बताया कि कार्यालय आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ में 24 मार्च (मंगलवार) की अपरान्ह 4.00 बजे आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में चाय कैन्टीन की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए की जानी है। चाय कैंटीन की नीलामी की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा है।

### पुलिस ने संदिग्ध मांस के साथ पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार, जांच के लिए भेजा सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को पुलिस ने संदिग्ध मांस की सूचना पर एक घर से करीब दो किलो मांस बरामद कर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सैंपल जांच के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक मकान में संदिग्ध मांस रखा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान घर में रखा करीब दो किलो मांस बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से अलतमश व उसके पिता साबिर पुत्र यासीन को हिरासत में ले लिया। वहीं लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बरामद मांस को परीक्षण के लिए लैब भेजा गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### गैस एजेंसी संचालकों को दिए उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि आमजन द्वारा प्राप्त शिकायतों के अनुसार जनपद में अधिकतम एलपीजी गैस एजेन्सी कार्यालयों व इन पर कार्यरत कर्मचारियों के दूरभाष नम्बर मिलाये जाने पर नहीं उठाये जाते हैं एवं गैस एजेन्सी के प्रोपराईटर/प्रबन्धकों के मोबाईल नम्बर भी अक्सर बन्द पाये जाते हैं, जिसके कारण आमजन को एलपीजी सिलेण्डर प्राप्त करने तथा अन्य जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिग्त आमजन में एलपीजी गैस कम होने की भ्रांति के कारण गैस प्राप्त करने हेतु असमंजस्य की स्थिति बनी होने व गैस एजेन्सियों के कार्यालयों, स्वामियों/प्रबंधकों व कर्मचारियों से सम्पर्क न हो पाने के कारण आमजन में असन्तोष व्याप्त है, जिससे गैस एजेन्सियों से संबंधित नम्बर बन्द होने अथवा न उठाये जाने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि गैस की कालाबाजारी में आप संलिप्त हैं, जिस कारण आपके द्वारा फोन रिसीव कर, आमजन को जवाब नहीं दिया जा रहा है इसलिए जनपद के समस्त गैस एजेंसी धारकों के प्रोपराईटरों/प्रबन्धकों को निर्देशित किया जता है कि वह अपनी-अपनी गैस एजेंसी से संबंधित सम्पर्क सूत्रों/मोबाईल नम्बरों को कार्य दिवस/कार्य अवधि में प्रत्येक अवस्था में सुचारू रूप से कॉल रिसीव कर, उपभोक्ताओं/गैस कनेक्शनधारियों की समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### 28 मार्च को विकास भवन में होगी दिशा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मेरठ नूपुर गोयल ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक दिनांक 28 मार्च को अपराहन् तीन बजे से विकास भवन, कचहरी मेरठ में लोकसभा सांसद मेरठ अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।



मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की मांग की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खेलों के भविष्य में एथलीटों की तैयारी, भलाई और विकास को सभी फैसले लेने के सेंटर में रखना चाहिए। इंडिया हैबिटेट सेंटर में एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन बोलते हुए, उषा ने कहा कि पिछले एक दशक में बेहतर इंफास्ट्रक्चर, साइंटिफिक ट्रेनिंग और इंस्टीट्यूशनल सपोर्ट के साथ भारत का स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बेहतर हुआ है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय खेलों की असली ताकत जमीनी लेवल पर, गांवों, कस्बों और स्कूलों में है, जहां युवा टैलेंट उभरता रहता है। उषा ने कहा कि एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस को भारतीय खेलों के भविष्य को गाइड करना चाहिए।

### हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के पूल आज घोषित होंगे

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में दो हफ्तों की जोरदार और रोमांचक हॉकी के बाद-जिसमें कम से कम 14 टीमों ने इस प्रतिष्ठित इवेंट में अपनी जगह पक्की की-आने वाले वर्ल्ड कप की राह में अगला बड़ा पड़ाव बस आने ही वाला है। दरअसल, आधिकारिक ड्रॉ सेरेमनी-जिसमें सभी 32 क्वालिफाई की हुई टीमों को ग्रुप स्टेज के लिए अपने विरोधी टीमों के बारे में पता चलेगा-कल, 17 मार्च को दोपहर 3 बजे एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स के मशहूर वैगेनर स्टेडियम में होनी है। यह उन दो जगहों में से एक है जहांवर्ल्ड कप होगा( दूसरी जगह वेव्रे, बेल्जियम में एकदम नया बेलफियस हॉकी एरिना है।

# आर्यना सबालेंका-जैनिक सिनर ने जीता इंडियन वेल्स



### सबालेंका ने फाइनल में कजाख खिलाड़ी पर 3-6, 6-3, 7-6, (8-6) से जीत हासिल की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** एक पपी लेना, सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी जिंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर 3-6 6-3 7-6 (8-6) से जीत हासिल की। कैलिफोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताकत लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाजी नहीं मार ली, जिसमें एक जोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था।

सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा कि क्या हफ्ता रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता। मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी जदिगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है और मुझे यहांआकर हमेशा खुशी होती है।

### जीत के साथ जानिक सिनर ने फेडरर व जोकोविच की बराबरी की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद जानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं - 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं - मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है - और साथ ही सीजन के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोको. विच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा,ष्मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा कि अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं, यहांऔर मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है। मियामी में भी यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है, लेकिन हम वहांभी अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने की को. शिश करेंगे। आंद्रे अगासी ने अपने करियर में हार्ड कोर्ट पर खेले गए पांचों मास्टर्स 1,000 इवेंट जीते, साथ ही दोनों मेजर और एटीपी फाइनल्स भी जीते। सिनर, जिनका ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब बचाने का सफर जनवरी में एक रोमांचक पांच-सेट वाले सेमी-फाइनल में जोकोविच के हाथों समाप्त हो गया था, ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को भी बेहतर किया है।



# चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 का फाइनल होस्ट करने के लिए मंजूरी मिली

- **कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 होस्ट करने की मंजूरी मिल गई है। सोमवार को सरकार द्वारा नियुक्त एक एक्सपर्ट कमेटी ने इस स्टेडियम को इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी।

इसका सीधा मतलब यह है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम - जहां28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सीजन का पहला मैच होना है - वहा एक प्लेऑफ मैच और फाइनल भी खेला जाएगा।

यह परंपरा रही है कि मौजूदा चैंपियन टीम ही टाइटल मैच होस्ट करती है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने शुक्रवार को स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया। दिन भर चले इस ऑडिट में स्टेडियम की बनावट से जुड़े नियमों के पालन की कई जांचें की गईं, साथ ही स्टेडियम के आस-पास भीड़ को कंट्रोल करने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया गया। सोमवार को, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अधिकारियों, आरसीबी के आला अधिकारियों और जी- महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के बीच हुई एक बैठक के बाद, आखिरी मंजूरी दे दी गई। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरस. ीबी के पांच घरेलू मैच खेले जाएंगे, जबकि दो अन्य मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेले जाएंगे।

यह फ्रेंचाइजी और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच पहले से हुए एक समझौते के तहत तय किया गया है। आरसीबी ने केएससीए के साथ मिलकर डिजिटल क्यूआर कोड वाले टिकट जारी करने का वादा किया है। यह स्टेडियम के आस-पास भीड़भाड़ की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कई कदमों में से एक है। उन्होंने बिना किसी परेशानी के सफर सुनिश्चित करने के लिए बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के साथ भी साझेदारी की है। मैच के दिनों में मेट्रो सेवाएंरात 1 बजे तक जारी रहेंगी, जबकि टिकट से जुड़ी औपचारिकताओं पर अभी काम चल रहा है। पूरी संभावना है कि जिन लोगों के पास मैच के टिकट होंगे, वे मुफ्त में सफर कर पाएंगे।

बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भीड़भाड़ रोकने के लिए सभी रूटों पर ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की भी सोच रहा है। जहांतक ढांचागत उपायों की बात है, केएससीए ने चिन्नास्वामी के चारों ओर छह नए गेट बनाकर एंट्री पॉइंट्स की संख्या बढ़ा दी है, साथ ही मौजूदा एंट्री गेट्स को भी चौड़ा किया है।

# अरुंधति रेड्डी फरवरी के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ नामित



- **अरंधति रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय गें. दबाज अरुंधति रेड्डी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने यह टी-20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती।

उन्होंने तीन मैचों में 22 रन देकर चार विकेट, 30 रन देकर दो विकेट और 35 रन देकर दो विकेट लिए, और 10-87 की औसत तथा 7-25 की इकॉनमी रेट के साथ सीरीज खत्म की। पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शैल्कविक को पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि श्रीलंका की बैटर हर्षिता समरविक्रमा, पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और भारत की सीम गेंदबाज अरुंधति रेड्डी महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं।

साहिबजादा ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड 383 का कुल स्कोर बनाकर दूसरे बैटर्स को पीछे छोड़ दिया, जबकि विल जैक्स और शैल्कविक भी बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में शामिल थे। ए तीनों टूर्नामेंट के आखिर में घोषित आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल थे।

# सोढी चोट के चलते सीरीज से बाहर




- **ईश सोढी को शनिवार को एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान बॉलिंग करते समय चोट लग गई थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लेग-स्पिनर ईश सोढी अंगूठे की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। सोढी को शनिवार, 14 मार्च को बे ओवल में एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंदबाजी करते समय यह चोट लगी थी। स्कैन से पुष्टि हुई कि सोढी का अंगूठा टूट गया है, जिसके कारण उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। उन्हें कम से कम चार हफ्ते के आराम की जरूरत होगी। वह पहले टी-20 मैच में नहीं खेले थे, न्यूजीलैंड की सात विकेट की हार में स्पिन गेंदबाजी के लिए मिचेल सैंटनर ने कोल मैककॉन्ची के साथ जोड़ी बनाई थी। न्यूजीलैंड ने सोढी की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में न बुलाने का फैसला किया है। लॉकी फर्ग्यूसन, जो दूसरे और तीसरे मैच में खेलने वाले थे, टीम के साथ जुड़ गए हैं, इसलिए मेजबान टीम को लगता है कि उनके पास पर्याप्त विकल्प मौजूद हैं।

सीरीज के बाद के मैचों में शामिल होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं: कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), विकेटकीपर डेन क्लीवर (मैच 4-5) और जेडन लेनोक्स (मैच 4-5)( वहीं, सैंटनर की गैरमौजूदगी में टॉम लैथम आखिरी दो मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ष्ईश न्यूजीलैंड के लिए खेलने को लेकर बहुत जुनूनी हैं और हम जानते हैं कि (2026 टी-20) वर्ल्ड कप कैंपेन के बाद वह अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। टी-20 फॉर्मेट में उन्हें बहुत ज्यादा अनुभव है, इसलिए सीरीज के बाकी मैचों में उनकी कमी बहुत खलेगी। पुरुषों के टी-20 में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज सोढी ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के तीन मैचों में हिस्सा लिया था( उन्होंने दो बार गें. दबाजी की, लेकिन दोनों ही बार उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। न्यूजीलैंड अपनी पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच मंगलवार, 17 मार्च को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीमः मिशेल सेंटनर (कप्तान) (मैच 1-3), कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), जोश, डेन(विकेटकीपर, मैच 4-5), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर) (मैच 1-3), लॉकी फर्ग्यूसन (मैच 2-3), जैक फोक्स, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, निक केली, टॉम लैथम (विकेटकीपर, मैच 4, 5 के लिए कप्तान), जेडन लेनोक्स (मैच 4-5), कोल मैककॉन्ची, जिमी नीशम, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ।

### आईपीएल 2026 के लिए डिजिटल हुई गुजरात टाइटंस

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रशंसकों को सबसे पहले रखते हुए और टिकट उनकी उंगलियों पर उपलब्ध कराते हुए, गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सभी घरेलू मैचों के लिए एक डिजिटल टिकटिंग मॉडल पेश किया है। टिकटों की बिक्री अब विशेष रूप से बुक माई शो (जो फेंचाइजी का आधिकारिक टिकलटग पार्टनर है, और टाइटंस एफएएम ऐप पर शुरू हो गई है। यह कदम, जो परिचालन की दूरदर्शिता और प्रशंसकों के बदलते व्यवहार को दर्शाता है, सुरक्षित क्यूआर-आधारित एम -टिकट्स पेश करके फिजिकल टिकटों की आवश्यकता को कम करेगा, ये टिकट सीधे प्रशंसकों के स्मार्टफोन पर भेजे जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में, जहाँ अक्सर दर्शकों की संख्या लाखों में पहुँच जाती है, इस बदलाव से दर्शकों के लिए एक अधिक सुगम और कुशल अनुभव सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश के रिव्यू को पाक ने शिकायत दर्ज कराई




- **उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब उस गेंद का रिप्ले पहली ही बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था**

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान ने मैच रेफरी नियामुर राशिद से शिकायत की है कि मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना ने बांग्लादेश को मीरपुर में खेले गए तीसरे वनडे की आखिरी से पहले वाली गेंद पर पगबाधा के लिए रिव्यू लेने की अनुमति तब दी, जब उसका रिप्ले दिखाया जा चुका था। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि पाकिस्तानी टीम प्रबंधन ने यह शिकायत इस आधार पर दर्ज कराई कि उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब उस गेंद का रिप्ले पहले ही बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था। उस रिव्यू के फैसले ने मैच में बांग्लादेश को निर्णायक बढ़त दिला दी।

उस गेंद से पहले पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों में 12 रन चाहिए थे। रिशाद हुसैन ने लेग स्टंप पर फ्लाइटेड गेंद डाली, जो घूमकर लेग साइड की ओर निकल गई और शाहीन अफरीदी से दूर चली गई। अंपायर ने उसे वाइड दिया क्योंकि गेंद लेग साइड से बाहर चली गई थी। थोड़ी चर्चा के बाद बांग्लादेश ने एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू लेने का फैसला किया, जबकि सामान्य तौर पर देखने पर गेंद अफरीदी के पैरों या शरीर के किसी हिस्से के पास भी नहीं लग रही थी। आम तौर पर नियम यह कहते हैं कि रिव्यू लेने का फैसला तब तक कर लेना चाहिए, जब तक खिलाड़ी किसी भी तरह का रिप्ले न देख लें, ताकि रिप्ले देखकर फैसला प्रभावित न हो। लेकिन पाकिस्तान का तर्क है कि चूंकि गेंद को शुरू में वाइड दिया गया था, इसलिए रिव्यू की संभावना नहीं मानी जा रही थी। इसी दौरान स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर गेंद को बल्ले के पास से गुजरते हुए दिखाया गया, जिससे संभव है कि बांग्लादेश को यह संकेत मिल गया हो कि गेंद बल्ले को छू सकती है। पाकिस्तान इस बात से भी नाराज है कि शायद बांग्लादेश को 15 सेकंड की तय समयसीमा से ज्यादा समय मिलने के बाद भी रिव्यू लेने की अनुमति दी गई। ब्रॉडकास्ट पर कोई टाइमर नहीं दिखा, इसलिए यह स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी कि रिव्यू समय के भीतर लिया गया था या नहीं। हालांकि जैसे ही डीआरएस का फैसला हॉक-आई पर गया, अफरीदी की नाराजगी की वजह साफ हो गई। गेंद जब उनके बल्ले के निचले हिस्से के पास से गुजरी, तो उस समय स्पाइक दिखाई दी, जिससे संकेत मिला कि गेंद बल्ले को छूकर गई थी और इसलिए उसे वाइड नहीं दिया जा सकता था। बांग्लादेश ने रिव्यू तो खो दिया, लेकिन वाइड का फैसला बदल गया। अब पाकिस्तान को दो की बजाय एक गेंद में 12 रन चाहिए थे। आखिरी गेंद पर अफरीदी स्टंप आउट हो गए और गुस्से में उन्होंने अपना बल्ला स्टंप्स पर दे मारा। इससे बांग्लादेश को 11 रन से जीत मिली और उन्होंने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है।

# भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : शाह



- **शाह ने स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) ने होस्ट किया था। शाह ने कहा कि जब हम अभी के कॉम्पिटिशन पर फोकस करते हैं, तो हमें भविष्य के साइकिल के लिए भी तैयारी करनी चाहिए - 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स, 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक्स और 2036 ओलंपिक्स। अगर भारत अपनी ग्लोबल स्पोर्टिंग पहचान मजबूत करना चाहता है, तो इन इवेंट्स की प्लानिंग काफी पहले शुरू कर देनी चाहिए।

भारतीय क्रिकेट की हालिया सफलता पर बात करते हुए, शाह ने 2019-2026 के समय को खेल के लिए एक सुनहरा दौर बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से 2026 तक का समय भारतीय क्रिकेट के लिए एक सुनहरा दौर रहा है। हमने अंडर19 टूर्नामेंट से लेकर बड़े आईसीसी कॉम्पिटिशन तक, सभी फॉर्मेट और एज ग्रुप में सफलता हासिल की है। उन्होंने भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत को भी एक ऐतिहासिक पल बताया और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को डॉक्यूमेंट करने का क्रेडिट स्पोर्ट्स मीडिया को दिया। शाह ने कहा कि जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता, तो यह पूरे देश के लिए गर्व का पल था।

आप में से कई लोगों ने टीम के साथ ट्रैवल किया और लाखों फैंस के लिए उन यादों को कैद किया। भारत के स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने में मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर देते हुए, शाह ने एडमिनिस्ट्रेटर्स, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच ज्यादा सहयोग की भी अपील की। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स की ग्रोथ स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग पर निर्भर करती है। फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया को मिलकर एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो हर लेवल पर भारतीय स्पोर्ट को सपोर्ट कर सके। हीरो मोटोकॉर्प के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजय भान ने भारतीय स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को बदलने में कॉर्पोरेट्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। भान ने कहा कि पिछले एक दशक में हमने भारतीय स्पोर्ट में एक बड़ा बदलाव देखा है। क्रिकेट अभी भी हावी है, लेकिन फुटबॉल, हॉकी और गोल्फ जैसे स्पोर्ट्स को इंटरनेशनल पहचान मिल रही है।

# वाशी-वरुण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से मुलाकात की




**चेन्नई, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे मुख्य स्पिनर वॉशिगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस स्पिन जोड़ी को भविष्य में और भी कई मैच जिताने वाले प्रदर्शन और गर्व के पल हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। इस स्पिन जोड़ी ने मुख्यमंत्री स्टालिन के आवास पर उनसे मुलाकात की, शिष्टाचार भेंट की और अपने क्रिकेट सफर के बारे में उनसे बातचीत की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी मौजूद थे। बाद में एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री स्टालिन ने लिखा कि तमिलनाडु से हमारी स्पिन जोड़ी, वॉशिगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती के साथ यादगार पल। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सफर के बारे में उनके साथ एक शानदार बातचीत हुई, जो उनकी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास से बना है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# और कितनी किल्लत

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज 'शिवालिक' 16 मार्च, सोमवार, को 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज 'नंदा देवी' 17 मार्च, मंगलवार, को 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत–ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निःशुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस! अब सरकार बार–बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1।62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्या! बीती 13 मार्च को 88।8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्टियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरू! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार–बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा–एनडीए को मिला है।

## उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता



जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है, उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता, प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी, जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया, चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है, पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है।

**–अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था





योगेश कुमार गोयल

मध्य–पूर्व में अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात–निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है। भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल–रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थाई आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है। वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है।

भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती। इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा साम. रिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो–तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थाई रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफ्रीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थाई नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ए सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है। दरअसल यह संकट केवल एक युद्ध का परिणाम नहीं है बल्कि यह भारत की ऊर्जा नीति के उस खालीपन की ओर संकेत करता है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसिडिटी से पाना चाहते हैं छुटकारा, तो ये अपनाएं टिप्स

**नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है । जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं । हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें । फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें । अब इसको पी लें । इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा ।**

इस फेस्टिव सीजन में लोगों के घरों में तरह तरह के तले भुने व्यंजन बनते हैं। जिसको खाने से ना सिर्फ बदहजमी बल्कि पेट में गैस बनने की परेशानी भी शुरू हो जाती है। पेट दर्द होने के कारण त्योहार का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। ऐसे में अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। तैलीय और मसालेदार खाना, नींद की कमी और असमय भोजन आदि के कारण भी गैस व पेट में जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।

**जीरा पानी**

आपको बता दें जीरा में फाइबर की मात्रा पाई जाती है। जो आपके पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक होती है। जीरा पानी के सेवन से आप एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं। जीरा पानी बनाने के लिए एक पैन में पानी और जीरा डालकर इसको उबाल लें। इसके बाद इसे छान लें और हल्का गुनगुना रहने पर इसको पी लें।

**नींबू और शहद का ड्रिंक**

नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।

**सौंफ का पानी**



पाचन तंत्र के लिए सौंफ बेहद फायदेमंद मानी जाती है। वहीं सौंफ का पानी पीने से गैस और पेट में जलन की समस्या दूर हो सकती है। सौंफ का पानी पीने के लिए सबसे पहले पानी में सौंफ को उबाल लें। फिर गुनगुने पानी का सेवन कर लें। इसके अलावा रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं और अगले दिन सुबह उस पानी को पी लें।

**हींग का पानी**

हींग खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हींग का पानी गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुना पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर मिलाएं। इस ड्रिंक का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**अदरक का पानी**

बता दें कि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए अदरक को छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को पानी में उबाल लें। जब यह गुनगुना हो तो इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की जलन और गैस से राहत मिलेगी।

# कैसी दिखती है रोमांस वाली दोस्ती, बिना ड्रामा किए इसे बनाएं कामयाब

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक–दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। श्फेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिपश में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं।

दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं। दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कैसा दिखता है?**

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक–दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं। बिना प्रतिबद्धताओं के इस रिश्ते में दोनों लोग किसी और को डेट कर सकते हैं। ऐसे रिश्ते हमेशा के लिए नहीं चलते हैं, शारीरिक जुड़ाव खत्म करने के बाद लोग वापस दोस्त बन जाते हैं या फिर एक–दूसरे के साथ सारे कांटेक्ट खत्म कर देते हैं। हालांकि, फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप हर किसी के लिए नहीं है, क्योंकि अगर दोनों में से एक व्यक्ति की भी फीलिंग में बदलाव होता है तो दोस्ती भी खराब हो जाती है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता आपके लिए सही है?**

अगर आप बिना किसी प्रतिबद्धता के शारीरिक रिश्ते की तलाश कर रहे हैं तो फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप आपके लिए ठीक है। एक्सपर्ट के अनुसार, यह रिश्ता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जिनके पास प्रतिबद्ध रिश्ते के लिए समय, ऊर्जा या इच्छा नहीं है लेकिन फिर भी वे किसी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी रिश्ते में आकर अपनी आजादी या जरूरतों को त्यागना नहीं चाहते हैं तो आपके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर हो सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप किसी रिश्ते की जटिलताओं से बचना चाहते हैं तो यह व्यवस्था आपके लिए कारगर हो सकती है। एक्सपर्ट ने बताया कि अगर दो दोस्त एक दूसरे की ओर खुद को आकर्षित पाते हैं उनके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर



है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स बनना**

**अच्छा विचार कब नहीं है?**

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर किसी को भावनात्मक रूप से जुड़ जाने की आदत है तो उनके लिए फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सहज बनाए रखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा अगर कोई अपेक्षाएं विक. सित करने लगता है और अगर ये पूरी नहीं होती तो उस व्यक्ति की भावनाएं आहत हो सकती है। प्यार की उम्मीद करने वाले लोगों के लिए यह रिश्ते नहीं बने हैं।

**कैसे फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाएं?**

एक्सपर्ट ने फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाने के कुछ टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि इन रिश्तों को सफल बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है। रिश्ते को परिभाषित करना और सीमाओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि कोई गलतफहमी न हो। एक्सपर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में ईमानदारी जरूरी है। दूसरे व्यक्ति के साथ–साथ खुद के साथ भी ईमानदार होना बहुत जरूरी है। आप क्या चाहते हैं और क्या नहीं और रिश्ते में कैसा महसूस कर रहे हैं, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार रहे हैं और कुछ भी गलत महसूस होने पर पार्टनर से बात करें।

एक्सपर्ट ने लोगों को सीमाएं स्थापित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आप कितनी बार मिलेंगे, कौन सी गतिविधियां अनुमत हैं और कौन सी वर्जित हैं, आप अन्य लोगों से मिलेंगे या नहीं और अपने डेटिंग जीवन के बारे में क्या साझा करेंगे या नहीं, आप कौन से गर्भनिरोधक का उपयोग करेंगे और आप अपनी व्यवस्था के बारे में दूसरों को क्या बताएंगे या नहीं, जैसी चीजों के बारे में आधार नियम स्थापित करना सहायक हो सकता है।

# होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया



■ यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है: लिन जियान

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें।

ईरान और इजरायल-अमे. रिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों।

उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है। चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रम्प ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क बना हुआ है और शीर्ष नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में अहम भूमिका निभाती है। चीन ईरान का करीबी साझेदार माना जाता है और वह ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। अक्सर चीन को ईरानी तेल अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर मिलता है। चीन ने अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों की आलोचना भी की है। साथ ही अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई की मौत को लेकर भी चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ऐसे में होर्मुज संकट के बीच चीन की भूमिका को वैश्विक राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है।

# ईरान में अमेरिका-इजरायल के हमले, 5 लोगों की मौत, 7 घायल

**तेहरान।** ईरान के मार्कजी प्रांत में अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ये हमले अलग-अलग स्थानों पर किए गए। पहले हमले में मार्कजी प्रांत के अराक शहर के आसपास स्थित एक रिहायशी इलाके को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। दूसरे हमले में मार्कजी प्रांत के महल्लत शहर में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले के दौरान शहीद खोमैनी बालक विद्यालय को भी निशाना बनाया गया, जिससे स्कूल भवन को काफी नुकसान पहुंचा।



हिमाचल प्रदेश। कुल्लू जिले की सोलांग घाटी में बर्फबारी के दौरान जाम में फंसे वाहन।

# खाड़ी में जहाज पर हमले के बाद 20 थाई क्रू स्वदेश लौटे, तीन अब भी लापता

**बैंकॉक।** होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले का शिक. ार थाईलैंड के मालवाहक जहाज के चालक दल के 20 सदस्य सोमवार को थाईलैंड पहुंच गए, जबकि तीन अब भी लापता हैं। थाई-पंजीकृत जहाज 'मयूरी नारी' की स्वामित्व वाली कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पब्लिक कंपनी लिमिटेड' ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि चालक दल के स्वागत के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर मौजूद थे और उनकी वापसी में आसानी के लिए संबंधित अधिकारियों से गहरा तालमेल बिठाया गया। कंपनी ने इस बात की भी पुष्टि की कि इस समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता उन तीन चालक दल के सदस्यों का पता लगाने की हैं, जो अब भी लापता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्मेनिया ने 550 से अधिक भारतीयों को ईरान से निकालने में मदद की

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने ईरान में फंसे 550 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की मदद की है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों को धन्यवाद।

### रूसी वायु रक्षा ने मार गिराए 145 यूक्रेनी ड्रोन: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 145 ड्रोन मार गिराए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात के दौरान ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने विमान-प्रकार के 145 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मॉस्को क्षेत्र के ऊपर 53 ड्रोन रोके और नष्ट किए, जिनमें मॉस्को की ओर उड़ रहे 46 ड्रोन भी शामिल थे।

### अफगान: सीमा पार से हुए हमलों में दो की मौत, पांच घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में रविवार रात सीमा पार से किए गए हमलों में दो लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तगफर गुरबाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तोपखाने ने रविवार रात गुरबाज और जाजी मैदान जिलों के कुछ इलाकों को निशाना बनाया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग जख्मी हो गए।

# ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प

## सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला, बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती



■ ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया
■ ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो।

उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रम्प के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रम्प के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था।

लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया। कहा जा रहा है कि ट्रम्प तेज, चौंकाने वाले और नाटकीय अंदाज में सैन्य कार्रवाई को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने युद्ध से पहले व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश नहीं की। यह भी माना जा रहा है कि ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला। हालांकि वह कदम भी अमेरिकी जनता के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के मामले में सार्वजनिक राय की अनदेखी की और अब उसी का राजनीतिक असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी युद्ध के समर्थन का सवाल केवल इस पर निर्भर नहीं करता कि लड़ाई कैसे चल रही है, बल्कि इस पर भी निर्भर करता है कि जनता उस युद्ध का उद्देश्य क्या समझती है। राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का तर्क है कि अमेरिकी जनता उन युद्धों का ज्यादा समर्थन करती है, जिनका उद्देश्य किसी आक्रामक शक्ति पर लगाम लगाना हो। इसके विपरीत, जब युद्ध का मकसद किसी दूसरे देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलना या सत्ता परिवर्तन करना होता है, तो समर्थन काफी कमजोर पड़ जाता है।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के 'झूठ' फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेता. वनी दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमे. रिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गई हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन अमेरिकी ईंधन आपूर्ति विमानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं, वे सभी अब भी सेवा में हैं और उनमें से एक विमान जल्द ही फिर से उड़ान भरेगा। ट्रम्प ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के क्षतिग्रस्त होने की झूठी खबरें प्रसारित कीं, जबकि उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ईरान और कुछ मीडिया संस्थान मिलकर झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं और इन्हें प्रसारित कर रहे हैं।

# ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की उच्चतम न्यायालय की आलोचना

■ टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच सोमवार को विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफ लगाने के ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है।

उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे। इसके बजाय न्यायालय ने संभावित रूप से उन देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर देने का फैसला किया, जो दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने इन देशों को बहुत खुश कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि न्यायालय ने भी बताया है, मुझे किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है और मैंने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है। ईरान के साथ चल रहे तीखे टकराव के बीच सोमवार को टैरिफ पर अमे. रिकी राष्ट्रपति का यह पोस्ट एक बड़ी कानूनी हार के बाद अपनी सत्ता और अधिकार को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास प्रतीत होता है। हाल के सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने दावा किया था कि उन्हें वैकल्पिक रूपों में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि ये चाहते हैं कि अमेरिका उन सैकड़ों अरबों डॉलर को वापस करे, जो उन लोगों को दिए जाने हैं जिन्होंने अमेरिकी जनता का 'अपमान' किया है। इसे एक और वजह के तौर पर देखा जाना चाहिए कि अमेरिका इतनी बड़ी गिरावट का सामना क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हमने अमेरिका को फिर से महान बनाया है और बहुत जल्द, यह पहले से कहीं जयादा महान होगा! ट्रम्प ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका को बेवजह 'लूटा' है, जो अब एक हथियारबंद और अन्यायपूर्ण राजनीतिक संगठन से जडादा कुछ नहीं रह गया है। दुख की बात यह है कि वे और भी बुरे होते जाएंगे।

# गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत

■ मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिला भी शामिल, हमले से पहले नहीं जारी की कोई चेतावनी

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं।

यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी। चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ। उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल ने भी इस हमले में आठ लोगों की मौत और 14 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इन दोनों हमलों पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। युद्धविराम के बावजूद गाजा में हिंसा की घटनाएं जारी हैं। अक्टूबर में लागू युद्धविराम के बाद भी लगभग रोजाना इजरायली गोल. ीबारी या हवाई हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार उजागर हुई

## डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा, मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

■ हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है।

एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रम्प ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रम्प ने कहा, श्यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजरायल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजरायल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की को. शिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है।

# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

## एक्सपर्ट बोले: ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते, तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत



■ अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा

**वाशिंगटन।** दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है।

उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है। यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था। ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी। ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमे. रिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमे. रिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फाक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं।

# जंग के बीच यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार



■ फेक न्यूज फैलाने का आरोप, मौत की अफवाह के बीच काफी पीते दिखे नेतन्याहू

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।

यूएई के अटार्नी जनरल डा. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में काफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे मजाक में कहते हैं कि क्या आप मेरी उंगलियां गिनना चाहते हैं? दरअसल 13 मार्च के एक वीडियो में कुछ लोगों ने उनके हाथ में 6 उंगलियां दिखने की बात कही थी। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई और डीपफेक बताकर उनकी मौत की अफवाह फैलानी शुरू कर दी थी।

